# दैनिक करंट क्राइम

www.currentcrime.com

सिर्फ सच...

दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

नई दिल्ली।। मंगलवार 16 जुलाई -2024 | वर्ष : 8 अंक : 277 पेज-08 | RNI NO. DELHI/2015/65364 | मूल्य : ₹3








## बाढ़ को लेकर एक्शन मोड में अमित शाह

# असम, यूपी और गुजरात के मुख्यमंत्रियों से की फोन पर बात

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोमवार को असम, उत्तर प्रदेश और गुजरात के मुख्यमंत्रियों से बात कर तीनों राज्यों में बाढ़ और भारी बारिश के कारण उपजी स्थिति का जायजा लिया तथा उन्हें केंद्र से हर संभव मदद देने का आश्वासन दिया। सूत्रों ने यह जानकारी दी।

सूत्रों ने बताया कि असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा से टेलीफोन पर बातचीत में शाह ने राज्य में बाढ़ की स्थिति के बारे में जानकारी ली। शर्मा ने शाह को मौजूदा स्थिति और अब तक उठाए गए कदमों से अवगत कराया।



**हरसंभव मदद मुहैया कराने का दिया आश्वासन :** सूत्रों के मुताबिक, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल से फोन पर हुई बातचीत में केंद्रीय गृह मंत्री ने दोनों राज्यों में भारी बारिश के बाद नदियों में बढ़ते जलस्तर के कारण उपजी स्थिति का जायजा लिया। सूत्रों के अनुसार, शाह ने तीनों मुख्यमंत्रियों को स्थिति से निपटने के लिए केंद्र सरकार की ओर से हरसंभव मदद मुहैया कराने का आश्वासन दिया।

### असम में अबतक 109 लोगों की मौत

असम में बाढ़ और बारिश से जुड़ी घटनाओं में अब तक 109 लोगों की जान जा चुकी है। राज्य के कछार, चिरांग, दरांग, धेमाजी, धुबरी, डिब्रूगढ़, गोलपाड़ा, गोलाघाट, जोरहाट, कामरूप, कामरूप मेट्रोपॉलिटन, करीमगंज, माजुली, मोरीगांव, नागांव, नलबाड़ी और शिवसागर जिलों में 5,97,600 से अधिक लोग बाढ़ से प्रभावित हुए हैं। उत्तर प्रदेश के 22 जिलों में लगभग 1,500 गांव बाढ़ से प्रभावित हुए हैं और बारिश से संबंधित घटनाओं में कई लोग अपनी जान गंवा चुके हैं।

# नगर निगम कार्यकारिणी चुनाव में हम भी हैं दावेदार

**साहिबाबाद, करंट क्राइम।** नगर निगम कार्यकारिणी में 6 नए सदस्य आने हैं। 6 पुराने सदस्य पहले ही पर्ची सिस्टम से बाहर हो चुके हैं। निगम कार्यकारिणी में जाने के लिए नदियापार के कई पार्षद प्रयास कर रहे हैं। सूत्र बताते हैं कि यहां पर कार्यकारिणी वाले मामले की फाइल भी महानगर संगठन के पास है और कार्यकारिणी में कौन जायेगा कौन नहीं जायेगा, ये फैसला संगठन से आयेगा। हालांकि बताया ये जाता है कि संगठन से भी सभी नाम मेयर की सहमति के बाद ही आएंगे। 19 जुलाई को ये सदस्य नगर निगम में घोषित हो जाएंगे। निगम कार्यकारिणी में जो सदस्य बनने का प्रयास कर रहे हैं उनमें नदिया पार के ये पार्षद हैं वार्ड 41 के भूपेंद्र उपाध्याय, वार्ड 100 से संजय सिंह, वार्ड 72 कुसुम गोयल, वार्ड 43 जोगिंदर उपाध्याय, वार्ड 80 राहुल शर्मा।

### कर रहे हैं, पूरा प्रयास कार्यकारिणी सदस्य के लिए: भूपेंद्र उपाध्याय



वार्ड 41 के पार्षद भूपेंद्र उपाध्याय ने बताया कि कार्यकारिणी सदस्य बनने के लिए हम भी प्रयास कर रहे हैं, संगठन व महापौर के सहयोग से इस बार कार्यकारिणी सदस्य बनने का प्रयास हैं क्योंकि इस वार्ड 41 में पहली बार भाजपा का पार्षद चुना गया है मेरा प्रयास है कि अधिक से अधिक विकास के कार्य कराऊं।

### लड़ूंगा कार्यकारिणी का चुनाव : संजय सिंह



वार्ड 100 के पार्षद संजय सिंह ने कहा कि इस बार कार्यकारिणी का चुनाव लड़ूंगा, इसके लिए वोट करनी पड़ी तो हुं, तैयार। भाजपा का सिपाही हूं और संगठन में हमेशा साथ काम करता हूं। कार्यकारिणी का सदस्य बनकर क्षेत्र का विकास करूंगा।

### पूरे मन से दावेदार हूं: कुसुम गोयल



वार्ड 72 की पार्षद कुसुम गोयल ने कहा कि कार्यकारिणी का चुनाव 19 तारीख को हो रहा है जिसमें मेरे द्वारा भी प्रयास किया जा रहा है इस बार कार्यकारणी सदस्य के लिए पूरे मन से दावेदारी करूंगी। संगठन का और मेयर का आशीर्वाद रहा तो बनूंगी कार्यकारिणी सदस्य।

### मजबूती से लड़ूंगा कार्यकारणी चुनाव: जोगिंदर उपाध्याय



वार्ड 43 के पार्षद जोगिंदर उपाध्याय ने कहा कि में निर्दलीय पार्षद हू , इस बार मैं नगर निगम कार्यकारिणी का चुनाव पूरी मजबूती के साथ लड़ने जा रहा हूं। चाहे गाजियाबाद के विकास की बात हो या वार्ड के विकास की बात हो पूरी मजबूती से सदन के समक्ष रखने का काम करूंगा। पार्षदों पर हो रहे शोषण के खिलाफ एकजुटता के साथ आपकी आवाज से आवाज मिलाने का काम करूंगा।

### करूंगा प्रयास कार्यकारिणी में जाने के लिए: राहुल शर्मा



वार्ड 80 के पार्षद राहुल शर्मा ने कहा कि 19 जुलाई को नगर निगम कार्यकारिणी का चुनाव होने जा रहा है। मैं संगठन पर पूरा विश्वास करता हूं, जिसमें मेरी ओर से भी प्रयास रहेगा कि मैं भी कार्यकारणी का सदस्य बनूं और क्षेत्र के विकास के लिए पूरा सहयोग करूं। क्षेत्र की जनता ने मुझे पार्षद के रूप में चुना है, मेरा प्रयास यह रहेगा कि कार्यकरणी का सदस्य बनकर वार्ड का विकास करा सकूं।

# लोकसभा में गूंजेगा हिंडन एयरपोर्ट से फ्लाइट की उड़ान का मुद्दा

## लखनऊ-अयोध्या-काशी-प्रयागराज की कब शुरू होगी उड़ान

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** हिंडन एयरपोर्ट यानी सिकंदरपुर डोमेस्टिक एयरपोर्ट की शुरूआत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वर्ष 2019 में की थी। वह खुद यहां आये थे और इस एयरपोर्ट का उद्घाटन करके गये। इसी दिन शहीद स्थल से दिलशाद गार्डन की मेट्रो सेवा भी शुरू हुई थी।

मेट्रो तो चल रही है लेकिन उड़ान का पता नहीं है। एयरपोर्ट तैयार है, रनवे तैयार है, खुला आसमान है मगर यहां उड़ान नहीं है। शुरूआती दौर में कुछ फ्लाईट चली और उसके बाद वो भी बंद हो गईं। करोड़ो रूपये का ये प्रोजेक्ट आखिर क्यों ठंडे बस्ते में चला गया। एयरपोर्ट तैयार होने के बाद क्या वजह रही कि यहां से उड़ान शुरू ही नहीं हो पाई। अब हिंडन एयरपोर्ट का मुद्दा लोकसभा में गूंजेगा और पूरा देश ये जानेगा कि सिकन्दरपुर वाले डोमेस्टिक एयरपोर्ट से उड़ान क्यों नहीं शुरू हो रही है। कमी हवाई जहाज की है या फ्लाईट के लिए सवारी नहीं मिल रही हैं। लोकसभा सांसद अतुल गर्ग ने एयरपोर्ट को लेकर लोकसभा में सवाल पूछने की तैयारी कर ली है। उन्होंने लोकसभा में ये सवाल उठाने की तैयारी की है और खास बात ये है कि लोकसभा सांसद अतुल गर्ग लोकसभा में ये भी मुद्दा उठायेंगे कि डोमेस्टिक एयरपोर्ट चालू होने के बाद भी फ्लाईट का संचालन न होने से सरकार के खजाने पर इस एयरपोर्ट के संचालन का कितना खर्च आ रहा है। आखिर फ्लाईट क्यों नहीं शुरू हो रहीं और जब फ्लाईट नहीं है तो यहां क्या हो रहा है। बहरहाल जल्द ही लोकसभा में गाजियाबाद के साहिबाबाद इलाके में बने सिकन्दरपुर डोमेस्टिक एयरपोर्ट का मामला लोकसभा में उठने जा रहा है।




# कांवड़ यात्रा के लिए नगर निगम लगवाएगा 200 कैमरे, 800 से अधिक खभों पर होगी लेमिनेशन


## सांप और विद्युत करंट को लेकर भी रहेगा विशेष फोकस




**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** 22 जुलाई से सावन मास कांवड़ यात्रा की शुरूआत हो रही है। कांवड़ यात्रा को लेकर नगर निगम के अधिकारियों ने अपनी ओर से तैयारी और व्यवस्था करवाना शुरू कर दिया है। नगर निगम के अधिकारियों से मिली जानकारी के अनुसार नगर निगम क्षेत्र में लगभग 200 से अधिक सीसीटीवी कैमरे कांवड़ यात्रा के मद्देनजर नगर निगम लगवाएगा। तो वहीं विद्युत करंट के हादसे न हों, इसके लिए लगभग 800 ऐसे पोल नगर निगम द्वारा चिन्हित किया जा रहे हैं, जहां पर नगर निगम उनकी लेमिनेशन करने का काम करेगा। उनमें चारों तरफ पॉलिथीन लगाई जाएगी ताकि किसी प्रकार का कोई हादसा न होने पाए। इसके साथ ही विद्युत विभाग भी पुराने पिलर और जर्जर तारों को ठीक करने का काम करेगा।

### सांप और करंट को लेकर रहेगा अलर्ट

**करंट क्राइम :** बीते दिनों जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह द्वारा कांवड़ यात्रा को सफलतापूर्वक संपन्न कराने के संबंध में बैठक की गई थी। बैठक में उन्होंने स्वास्थ्य विभाग ,वन विभाग, निगम और सिंचाई विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिया था की कांवड़ यात्रा के दौरान गंग नहर और ऐसे कांवड़ शिविर जो मुख्य मार्गों के आसपास लगते हैं। वहां सांप और बरसाती कीड़ों को लेकर विशेष बंदोबस्त और सुरक्षा इंतजाम रखने के निर्देश दिए गए थे। तो वहीं मधुबन बापूधाम थाने की हवालात में कोबरा सांप निकालने के बाद सोमवार को मसूरी थानाक्षेत्र में एक होटल के गार्डन एरिया में भी 10 फीट लंबा अजगर मिलने का मामला आया था। जिसके को लेकर प्रशासन अलर्ट हो गया है।



### अवैध कट होंगे कांवड़ यात्रा से पूर्व बंद

**करंट क्राइम :** नगर निगम और यातायात पुलिस दोनों के सामंजस से नगर निगम क्षेत्र में बड़ी संख्या में ऐसे अवैध कट बंद किए जाएंगे जो कांवड़ यात्रा और डाक कांवड़ ले जाने के दौरान रुकावट का कारण बनते हैं। साथ ही इन अवैध कट पर सड़क दुर्घटना व हादसा होने का डर बना रहता है। इसको लेकर यातायात पुलिस और नगर निगम के अधिकारी आपस में बातचीत कर जल्द ही यहां बैरिकेटिंग करने का काम करेंगे।



# रूट डायवर्जन को लेकर अधिकारियों ने की बैठक

**करंट क्राइम :** सोमवार को पुलिस लाइन के परमजीत हाल में गाजियाबाद पुलिस कमिश्नरेट के एडिशनल सीपी दिनेश कुमार पी, एडिशनल सीपी लॉ एंड ऑर्डर और क्राइम कल्पना सक्सेना, एडीसीपी ट्रैफिक पीयूष कुमार सिंह, एसीपी ट्रैफिक जियाउद्दीन अहमद यातायात के सभी निरीक्षक के साथ ही एआरटीओ प्रवर्तन प्रथम, एआरएम कौशांबी, एआर एम गाजियाबाद, प्रबंधक ग्रीन सेल इलेक्ट्रॉनिक बस व अलग-अलग डिपो के प्रभारियों के साथ आगामी कांवड़ यात्रा के मद्देनजर अधिकारियों ने रूट डायवर्जन को लेकर बैठक की ताकि कांवड़ यात्रा के दौरान किसी प्रकार की परेशानी ना आए। वहीं ट्रांसपोर्टरों के साथ भी इस बैठक में बातचीत की गई ताकि आवश्यक सेवाएं बाधित न हो और बाजार में माल भी समय पर पहुंचता रहे।

वहीं एडिशनल सीपी दिनेश कुमार पी ने कहा है की कांवड़ यात्रा के दौरान रूट डायवर्जन का प्लान बनाने के बाद इसको सोशल मीडिया के माध्यम से भी आमजन तक पहुंचाने का काम किया जाएगा ताकि लोग कांवड़ यात्रा के दौरान कम से कम परेशान हों।





# ऊर्जा विभाग के अधिकारी उपभोक्ताओं का शोषण करना बंद करें : योगी आदित्यनाथ

## सही समय पर बिल वितरण की व्यवस्था सुनिश्चित करें

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को ऊर्जा विभाग के मंत्री की उपस्थिति में प्रदेश में बिजली उत्पादन, पारेषण और वितरण की अद्यतन स्थिति की समीक्षा करते हुए भविष्य के दृष्टिगत जारी प्रयासों की समीक्षा की। बैठक में उत्तर प्रदेश पॉवर कॉर्पोरेशन लिमिटेड के साथ-साथ सभी डिस्कॉम के वरिष्ठ अधिकारियों और अभियन्ताओं की भी सहभागिता रही। बैठक में मुख्यमंत्री योगी ने निर्देश दिया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में बीते सात वर्षों में प्रदेश में सबको बिजली-निर्बाध बिजली का संकल्प पूरा हो रहा है। हर गांव-हर मजरे तक बिजली उपलब्ध पहुंचाई गई है। यह सुखद है कि आज बिना किसी भेदभाव अथवा वीआईपी कल्चर के आपूर्ति की जा रही है। इस बार भीषण गर्मी के बीच आमजन की सुविधा के लिए अतिरिक्त प्रयास करते हुए 15 मार्च से 30 जून तक पूरे प्रदेश में 24 घंटे बिजली आपूर्ति की गई। विभिन्न हाइड्रो पॉवर प्रोजेक्ट के अतिरिक्त आज प्रदेश में अनपरा, हरदुआगंज, ओबरा, पारीछा और जवाहरपुर में 22 थर्मल परियोजनाएं सफलतापूर्वक चल रही हैं। घाटमपुर, पनकी, ओबरा-सी और जवाहरपुर में निमार्णाधीन इकाइयों का कार्य तेजी के साथ पूरा करा लिया जाए। एनटीपीसी के साथ संयुक्त उपक्रम के रूप में स्थापित हो रही ओबरा डी, अनपरा ई और मेजा तापीय परियोजना-द्वितीय चरण के अलावा, टीएचडीसी के साथ निमार्णाधीन खुर्जा तापीय परियोजना का कार्य तेज किये जाने की अपेक्षा है। इन प्रयासों से प्रदेश की विद्युत उत्पादन क्षमता में बढ़ोतरी होगी। रिहंद बांध, ओबरा जलाशय तथा इसके आस पास के क्षेत्र में पम्प स्टोरेज प्लांट स्थापित किये जाने की संभावना का अध्ययन कराया जाए। उन्होंने कहा कि बिजली की मांग तेजी से बढ़ रही है। वर्ष 2018-19 में एक दिन में सर्वाधिक 20062 मेगावॉट की मांग रही, जो इस सत्र में 13 जून को 30618 मेगावॉट तक पहुंच



गई थी। आमजनता की आवश्यकता के दृष्टिगत इस वर्ष गर्मी के मौसम में निर्बाध बिजली आपूर्ति की गई। मांग के सापेक्ष पर्याप्त बिजली आपूर्ति कराया जाना सुनिश्चित कराएं। हर घर बिजली-निर्बाध बिजली के संकल्प की पूर्ति में विद्युत पारेषण तंत्र को और बेहतर किया जाना आवश्यक है। नए सब स्टेशन स्थापित करने से पूर्व वहां की आवश्यकता का अध्ययन जरूर किया जाए। अगले पांच वर्ष की आवश्यकता के अनुरूप लक्ष्य निर्धारित करते हुए नए सब स्टेशनों की स्थापना कराई जाए।

**बिना विलंब सुधारे जाएं ट्रांसफार्मर**

मुख्यमंत्री योगी ने निर्देश दिया कि गांव हो या नगरीय क्षेत्र ट्रांसफार्मर खराब हो तो बिना विलंब तत्काल सुधार होना चाहिए। आवश्यकतानुसार नया ट्रांसफार्मर भेजा जाए। तय समय सीमा का कड़ाई से अनुपालन कराया जाए। ट्रांसफार्मर की मरम्मत करने वाली एजेंसियों के कार्यों का भी अवलोकन किया जाना चाहिए। टॉल फ्री नंबर/हेल्पलाइन पर आने वाली हर कॉल अटेंड करें। हर उपभोक्ता की समस्या का यथोचित समाधान किया जाना चाहिए। बिजली कनेक्शन चार्ज तय करने को लेकर प्रायः लोगों में असंतुष्टि देखी गई है। यह आवश्यक है कि इसमें एकरूपता हो। इसके लिए नियमों में सुधार करें। अनावश्यक इंफ्रास्ट्रक्चर चार्ज को कम किया जाए। आम जन की सुविधा और सहूलियत को प्राथमिकता दें। पॉवर कॉर्पोरेशन के सामने सबसे बड़ी चुनौती है सही बिल और समय पर बिल उपलब्ध कराना तथा सभी उपभोक्ताओं से बिल की राशि का संग्रह करना। प्रत्येक दशा में यह सुनिश्चित किया जाए कि एक भी उपभोक्ता को गलत बिजली बिल न मिले और सभी को समय से बिल मिल जाए। ओवरबिलिंग अथवा विलंब से बिल दिया जाना उपभोक्ता को परेशान तो करती ही है, व्यवस्था के प्रति निराश भी करती है और वह बिल जमा करने के प्रति उत्साहित नहीं होता। ऐसे में समय से बिल और सही बिल दिया जाना सुनिश्चित करें। उपभोक्ताओं से संवाद बनाएं। इसके लिए डिस्कॉम से लेकर फीडर तक सभी को ठोस प्रयास करना होगा। नियोजित प्रयासों से लाइन लॉस में लगातार कमी आ रही है। बिजली चोरी को रोकें। मीटर रीडर के काम की मॉनीटरिंग की जाए। यह सुनिश्चित किया जाए कि बिजली मीटर जांच/बिल बकाया के नाम पर किसी उपभोक्ता का उत्पीड़न नहीं होगा। हर उपभोक्ता के साथ हमारा व्यवहार सद्भावनापूर्ण होना चाहिए। पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के प्रति लोगों में उत्साह है। अब तक 18 लाख से अधिक लोगों ने इस योजना से जुड़ने के लिए पंजीयन कराया है। उचित होगा कि इस योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार करें। अधिकाधिक लोगों को इस योजना से परिचय कराएं।

## भारत का नाम नहीं लेकर कनाडा के पीएम जस्टिन ट्रूडो ने नहीं रखा पद का मान : सिरसा

**नई दिल्ली।** भाजपा राष्ट्रीय सचिव मनजिंदर सिंह सिरसा ने कनाडा के पीएम के व्यवहार की निंदा करते हुए कहा है कि दिलजीत दोसांझ के शो में पहुंचकर कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने जिस तरह से उनके साथ फोटो लेकर पोस्ट किया, उससे हमें बहुत फक्र हुआ। लेकिन, अपनी पोस्ट में भारत का नाम नहीं लेकर उन्होंने पीएम पद की गरिमा का मान नहीं रखा। मनजिंदर सिंह सिरसा ने कहा, कल जो हमने दिलजीत दोसांझ का शो (कनाडा में) देखा, वो अद्भुत नजारा था, वो अतुल्य था। वहां पहुंचकर कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने जिस तरह से दिलजीत दोसांझ के साथ अपनी फोटो पोस्ट की, वह गौरवमयी था। हमें बहुत फक्र हुआ कि एक भारतीय, एक पंजाबी कलाकार ने अपनी कला के दम पर दुनिया के अंदर ऐसी पैठ बनाई कि वहां के चुने



हुए प्रधानमंत्री आकर उनके साथ अपनी फोटो डालते हैं। उन्होंने आगे कहा, लेकिन, उसके बाद कनाडा के पीएम ने जो किया, उन्हें इसका खेद है, बहुत दुख है। उन्होंने अपने किए हुए अच्छे काम को मिट्टी कर दिया, जब उन्होंने भारत के इस नौजवान के प्रति अपने भाव को अपने सोशल मीडिया पोस्ट में व्यक्त करते हुए भारत का नाम नहीं लिया। कनाडा के पीएम को अपने प्रधानमंत्री पद की गरिमा का ध्यान रखते हुए पोस्ट करना चाहिए था। दिलजीत दोसांझ के साथ अपनी तस्वीर को शेयर करते हुए कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने एक्स पर लिखा था, दिलजीत दोसांझ को उनके शो से पहले शुभकामनाएं देने के लिए रोजर्स सेंटर में पहुंचा। कनाडा एक महान देश है, जहां पर पंजाब का एक लड़का इतिहास बना सकता है और स्टेडियम सोल्ड आउट कर सकता है।

# हरियाणा विधानसभा चुनाव की पूरी कमान आनंद और आकाश को

## लंबे समय के बाद हुई भाई की वापसी



**लखनऊ।** हरियाणा में होने वाले विधानसभा चुनाव में पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष आनंद कुमार और नेशनल कोआर्डिनेटर आकाश आनंद की भी परीक्षा होगी। लंबे अर्से के बाद मायावती के भाई आनंद कुमार राजनीति में दोबारा सक्रिय हुए हैं, तो वहीं दूसरी ओर उनके बेटे आकाश आनंद ने भी लोकसभा चुनाव के बाद फिर से वापसी की है। सूत्रों की मानें तो बसपा अध्यक्ष मायावती ने कांशीराम के जमाने से चली आ रही इंडियन नेशनल लोकदल (इनेलो) और बसपा की दोस्ती को आगे बढ़ाने का जिम्मा दोनों को सौंपा है। यही वजह है कि इनेलो के साथ गठबंधन की औपचारिक घोषणा भी आनंद कुमार और आकाश आनंद की मौजूदगी में की गयी। हरियाणा चुनाव में बसपा के 37 प्रत्याशियों के चयन का जिम्मा भी उन्हें ही सौंपा गया है। विधानसभा चुनाव के प्रचार की शुरूआत के बाद मायावती की इनेलो नेताओं के साथ संयुक्त रैलियों का खाका तैयार करने का जिम्मा आकाश आनंद को दिया गया है। यदि आकाश की रणनीति को सफलता मिलती है तो यूपी में उनकी नई सियासी पारी का आगाज हो सकता है।

### देवीलाल के समय से है दोस्ती

बता दें कि हरियाणा में बसपा के संस्थापक कांशीराम की चौधरी देवीलाल से मित्रता रही है। पहले भी दोनों दल गठबंधन करके चुनाव लड़ चुके हैं। लोकसभा चुनाव में करारी शिकस्त के बाद बसपा को हरियाणा चुनाव से खासी उम्मीदें हैं। जानकारों की मानें तो मायावती ने इसी वजह से आनंद कुमार और आकाश को हरियाणा चुनाव की कमान सौंपी है ताकि दोनों की सियासी जमीन को मजबूत किया जा सके।

# शिवकुमार के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति का केस रद्द करने से सुप्रीम कोर्ट का इनकार

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को कर्नाटक के उप मुख्यमंत्री डी.के. शिवकुमार की उस याचिका पर सुनवाई से इनकार कर दिया जिसमें उनके खिलाफ कथित आय से अधिक संपत्ति के मामले को रद्द करने की मांग की गई थी। भ्रष्टाचार रोकथाम अधिनियम के तहत दर्ज इस केस की जांच केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) कर रहा है। न्यायमूर्ति बेला एम. त्रिवेदी की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने कर्नाटक उच्च न्यायालय के अक्टूबर 2023 के फैसले में हस्तक्षेप से इनकार कर दिया। उच्च न्यायालय ने भी अपने फैसले में केस रद्द करने से इनकार किया था। एक अन्य मामले में, कर्नाटक हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति के. नटराजन की पीठ ने सीबीआई की जांच पर लगाई गई अंतरिम रोक के अपने आदेश को हटाते हुए केंद्रीय एजेंसी से तीन महीने के भीतर रिपोर्ट दायर करने के लिए कहा था।



सीबीआई ने भ्रष्टाचार रोकथाम अधिनियम की धारा 13 (2) और 13 (1) (ई) के तहत अक्टूबर 2020 में केस दर्ज किया था। शिवकुमार पर पिछली कांग्रेस नीत सरकार के कार्यकाल में ऊर्जा मंत्री रहते हुए आय से अधिक संपत्ति एकत्र करने का आरोप लगाया गया है। इसमें कहा गया है कि शिवकुमार ने 2013 और 2018 के बीच 74 करोड़ रुपये की संपत्ति जमा की थी जो उनके आय के ज्ञात स्रोतों से अधिक है। भाजपा के नेतृत्व वाली तत्कालीन बी.एस. येदियुरप्पा सरकार ने मामला सीबीआई को हस्तांतरित कर दिया था। राज्य में पिछले साल कांग्रेस की नई सरकार बनने पर मुख्यमंत्री सिद्दारमैया ने 28 नवंबर 2023 को इस मामले में जांच के लिए सीबीआई को दी गई अनुमति वापस ले ली थी और लोकायुक्त को जांच की जिम्मेदारी सौंपी थी। उल्लेखनीय है कि इस साल मार्च में सुप्रीम कोर्ट ने शिवकुमार के खिलाफ प्रवर्तन निदेशालय द्वारा धन शोधन के एक मामले में जारी जांच को रद्द कर दिया था।

# भोपाल में नीट पेपर लीक को लेकर कांग्रेस का प्रदर्शन



**एनएसयूआई के कार्यकर्ता कार्रवाई की मांग को लेकर सड़क पर उतरे**

**भोपाल।** मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में एनएसयूआई के कार्यकर्ता नीट पेपर लीक और नर्सिंग घोटाले के दोषियों पर कार्रवाई की मांग को लेकर सोमवार को सड़क पर उतरे। मुख्यमंत्री के आवास का घेराव करने जा रहे कार्यकर्ताओं पर पुलिस ने बल प्रयोग किया। एनएसयूआई ने सोमवार को नीट पेपर लीक और नर्सिंग घोटाले को लेकर सड़क पर उतरने का ऐलान किया था। इस विरोध प्रदर्शन में कांग्रेस के नेता भी उनके साथ थे। कांग्रेस तथा एनएसयूआई कार्यकर्ताओं को रोकने के लिए पुलिस ने बैरिकेड्स लगा रखे थे। प्रदर्शनकारी बैरिकेड्स को लांघकर आगे बढ़ने की कोशिश करने लगे तो पुलिस ने बल प्रयोग किया और वाटर कैनन भी छोड़ी। पुलिस की कार्रवाई से कार्यकर्ता तितर-बितर हो गए। लेकिन, मुख्यमंत्री आवास की तरफ बढ़ने की जिद पर अड़े रहे। इन कार्यकर्ताओं को पुलिस ने आगे नहीं बढ़ने दिया। इस विरोध प्रदर्शन में एनएसयूआई के कार्यकर्ताओं के साथ कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी, नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार, उप नेता प्रतिपक्ष हेमंत कटारे, पूर्व मंत्री जयवर्धन सिंह समेत अन्य शामिल हुए। जीतू पटवारी ने कहा कि एनएसयूआई ने छात्रों के हितों को लेकर प्रदर्शन किया। मगर, पुलिस ने आंसू गैस के गोले चलाए, लाठीचार्ज किया और वाटर कैनन का भी प्रयोग किया।

एनएसयूआई द्वारा आयोजित इस विरोध प्रदर्शन में प्रदेश के अलग-अलग हिस्सों से बड़ी संख्या में कार्यकर्ता पहुंचे थे। वहीं, परीक्षार्थी भी उनके साथ रहे। कुछ कार्यकर्ता तो इंदौर से भोपाल तक की पदयात्रा पर भी निकले थे।

# लोकसभा चुनाव में हार का कारण जानने शिमला पहुंची कांग्रेस की दो सदस्यीय टीम

**शिमला।** कांग्रेस पार्टी लोकसभा चुनाव में हिमाचल प्रदेश की चारों सीटें हार गई थी। हार के विश्लेषण को लेकर कांग्रेस आलाकमान द्वारा दो सदस्यीय समिति का गठन किया गया है, जिसमें पूर्व सांसद पीएल पूनिया व सांसद रजनी पाटिल शामिल हैं। दोनों सदस्य सोमवार को शिमला पहुंचे और कांग्रेस कार्यालय में कांग्रेस पार्टी के पदाधिकारियों, विधायक, पूर्व विधायक, मंत्रियों और उसके बाद मुख्यमंत्री से फीडबैक लेने के बाद रिपोर्ट तैयार कर कांग्रेस आलाकमान को सौंपेंगे।

सोमवार को बैठक में डिप्टी सीएम मुकेश अग्निहोत्री, कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष प्रतिभा सिंह, मंत्री धनीराम शांडिल, राजेश धमार्णी, पूर्व मंत्री कौल सिंह ठाकुर और रामलाल ठाकुर पहुंचे। रजनी पाटिल ने कहा कि पार्टी नेताओं और पदाधिकारियों के साथ बैठक कर हार की समीक्षा की जाएगी, हम सीएम सुखविंदर सिंह सुक्खू के साथ भी बैठक करेंगे। सभी से बैठक कर पार्टी आलाकमान को रिपोर्ट सौंपी



जाएगी और हिमाचल के बाद उत्तराखंड में जाएंगे।

लोकसभा चुनाव नतीजे को लेकर हो रहे मंथन पर कांग्रेस की बैठक से पहले मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने मीडिया से रूबरू होते हुए कहा कि निश्चित तौर पर पिछले लोकसभा चुनाव की तुलना में इस बार 14 प्रतिशत अधिक वोट मिले हैं। लेकिन सत्ता में मत से ज्यादा जीत ही सबसे पहले मायने रखती है। मेरा मानना है कि यह कमेटी हमारी हार के कारणों की वजह के पूरे फैक्ट जानेगी। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि वे दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिले और उनसे हिमाचल के संदर्भ में बातें हुईं। हमारे जो प्रोजेक्ट रुके हुए हैं, उन्हें किसी तरह से पूरा करना है, इस बारे में चर्चा हुई।

# मसूरी क्षेत्र के मुस्लिम होटल में निकला अजगर सांप, लोगों में हड़कंप

**गाजियाबाद,मसूरी,करंट क्राइम।** थाना मसूरी क्षेत्र के नहर के पास स्थित एक मुस्लिम होटल में अजगर सांप निकलने से हड़कंप मच गया। होटल के कर्मचारियों और ग्राहकों ने लगभग 10 फीट लंबे अजगर सांप को देखा तो वहां अफरा-तफरी मच गई। तुरंत स्थानीय प्रशासन को सूचित किया गया, जिन्होंने सांप पकड़ने के लिए विशेषज्ञ की मदद ली।



**शकील मुल्लाजी ने पकड़ा अजगर**

पीपलैड़ा निवासी शकील मुल्लाजी, जो सांप पकड़ने के विशेषज्ञ हैं, को मौके पर बुलाया गया। शकील ने सूझ-बूझ के साथ अजगर को सुरक्षित तरीके से पकड़ा। इस दौरान होटल के आस-पास काफी भीड़ जमा हो गई थी, लेकिन शकील की तत्परता से स्थिति को नियंत्रण में लाया गया।

**अजगर को जंगल में छोड़ा गया**

अजगर को पकड़ने के बाद, उसे गंगनहर के पास गालन्द डंपिंग ग्राउंड के पास जंगल में सुरक्षित रूप से छोड़ दिया गया। वन विभाग के अधिकारियों ने इस प्रक्रिया को संभाला और सुनिश्चित किया कि अजगर को उसके प्राकृतिक आवास में सही सलामत छोड़ा जाए।

इस घटना के बाद स्थानीय प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि अगर उन्हें इस प्रकार की स्थिति का सामना करना पड़े तो वे तुरंत विशेषज्ञों की मदद लें और खुद से कोई कार्रवाई न करें। इस तरह की घटनाओं में विशेषज्ञों की सहायता ही सबसे सुरक्षित विकल्प होती है।



# उमस कर रही बेहाल

**कानपुर।** बारिश वाले बादलों के रास्ता बदल लेने की वजह से पिछले चार-पांच दिन से पानी नहीं बरसा है। उमस बढ़ जाने से लोग पसीना से तर-बतर हो जा रहे। पिछले पांच दिन से तापमान 35 या इसके ऊपर चल रहा है। मौसम विभाग के अनुसार स्थानीय स्तर पर बनने वाले बादलों से छिटपुट बारिश की संभावना है, लेकिन तेज मानसूनी बारिश 20 जुलाई के बाद ही संभव है। कमजोर मानसून की दूसरी वजह यह भी बताई जा रही है कि ग्रीनहाउस गैसों की मात्रा बढ़ने से तापमान औसत एक डिग्री और बढ़ गया है। यही वजह है कि इस बार बारिश वाले बादल भी कम बन रहे हैं। तापमान बढ़ने की वजह से ही बिजली गिरने की घटनाएं भी ज्यादा हो रही हैं। मौसम विशेषज्ञ डॉ. एसएन सुनील पांडेय के अनुसार कानपुर मंडल सहित उत्तर भारत में अभी बारिश की गतिविधियां होगी सीमित हैं। 18 जुलाई से एक और चक्रवाती परिसंचरण बनने की संभावना है। जो म्यांमार के पूर्वी तट से लेकर उत्तरी ओडिशा के तटीय भागों तक फैलेगा।

# नूंह में ताहिर देवला एडवोकेट के खिलाफ भड़काऊ पोस्ट डालने का केस दर्ज

**नूंह।** सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर भड़काऊ पोस्ट डालने को लेकर हरियाणा की नूंह पुलिस सख्त कार्रवाई के मूड में है। दरअसल, आगामी 22 जुलाई को जिला नूंह में जलाभिषेक यात्रा निकाली जानी है, जिसको लेकर नूंह जिले के ताहिर हुसैन देवला ने सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट डाला। मामला सामने आने पर नूंह पुलिस ने जांच पड़ताल के बाद देवला के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है । एडिशनल एसपी सोनाक्षी सिंह ने कहा कि देवला ने दंगे कराने की नीयत से शत्रुता फैलाने, धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने, आमजन को भड़काने और जलाभिषेक यात्रा में बाधा डालने के इरादे से सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट किया था। इस पर नूंह पुलिस ने फौरी तौर पर संज्ञान लेते हुए उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस अधीक्षक ने नूंह की आम जनता से अपील की है कि किसी व्यक्ति विशेष, जाति, धर्म संप्रदाय को आहत करने की मंशा से कोई पोस्ट या वीडियो न डालें। अगर किसी व्यक्ति अथवा संस्था द्वारा कोई भी आपत्तिजनक पोस्ट डाली गई तो उसके खिलाफ नियमानुसार सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि



कोई भी व्यक्ति सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर किसी प्रकार की भी कोई गलत अफवाह ना फैलाएं। अगर कोई भी सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाएगा या फिर किसी के धर्म या जाति पर कोई गलत टिप्पणी करेगा तो उस पर नूंह पुलिस सख्त एक्शन लेगी। नूंह पुलिस सोशल मीडिया पर लगातार पैनी नजर बनाए हुए है। लोगों से भी अपील है कि समाज में आपसी भाईचारा बनाकर रखें और किसी भी अफवाह पर ध्यान न दें । उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया का प्रयोग सहयोग, आपसी भाईचारे व सौहार्द को बढ़ावा देने के लिए ही करें। गलत कार्य करने वालों और शरारती तत्वों की सूचना तुरंत पुलिस को दें। यदि कोई भी व्यक्ति सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक या भड़काऊ पोस्ट डालता है तो उसकी सूचना तुरंत संबंधित थाना या डायल 112 पर दें। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा। खास बात यह है कि ताहिर हुसैन देवला जिला मेवात बार एसोसिएशन नूंह में वरिष्ठ अधिवक्ता के रूप में काम कर रहे हैं। बीते साल 2023 जुलाई माह में जलाभिषेक यात्रा नूंह के दौरान जिन लोगों को हिंसा के मुकदमों में नामजद किया गया था, उनमें से अधिकतर केसों की पैरवी ताहिर हुसैन देवला ही कर रहे हैं। ताहिर हुसैन देवला एडवोकेट कांग्रेस समर्थक माने जाते रहे हैं।

# हरियाणा में बाप-बेटा प्राइवेट लिमिटेड पार्टी बनकर रह गई है कांग्रेस : महिपाल ढांडा

**सोनीपत।** हरियाणा के सोनीपत स्थित भाजपा कार्यालय में सोमवार को पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकताओं की बैठक हुई। इस दौरान वहां मौजूद पंचायत मंत्री महिपाल ढांडा ने कांग्रेस पर हमला बोला।

महिपाल ढांडा ने कांग्रेस पार्टी को चोर बताते हुए कहा कि ये लोग भाजपा से हिसाब मांग रहे हैं। कांग्रेस के कार्यकाल में किए गए तमाम कार्यों में घोटाला किया गया है। कांग्रेस को भाजपा से हिसाब मांगने से पहले अपने कार्यकाल के दौरान किए गए कार्यों का हिसाब देना चाहिए। कांग्रेस ने अपने कार्यकाल में झूठ बोलकर जनता को बरगलाने का काम किया। हर जगह घोटाला किया। प्रदेश में कांग्रेस बाप-बेटा प्राइवेट लिमिटेड पार्टी बनकर रह गई है।उन्होंने कहा कि चोर कौन है, यह प्रदेश की जनता अच्छे से जानती है। कांग्रेस में ऊपर से लेकर नीचे तक सभी भ्रष्ट हैं, सभी



पर केस चल रहे हैं। कांग्रेस सिर्फ झूठ की राजनीति करती है। उन्होंने प्रदेश में 24 घंटे बिजली देने का वादा किया था, लेकिन बिजली दे नहीं सके। आज भाजपा 24 घंटे बिजली देने का काम कर रही है। कांग्रेस ने किसानों के साथ भी धोखा किया, दलालों के जरिए किसानों से लाखों रुपए में जमीन खरीदकर उसको करोड़ों रुपए में बेचने का काम किया। जीजा के पास पैसे नहीं थे, लेकिन वो अरबपति कैसे बन गए और उन पर केस क्यों चल रहा है, कांग्रेस पार्टी इसका हिसाब दे।

मंत्री महिपाल ढांडा ने आगे कहा कि, कांग्रेस के समय में हरियाणा के 7000 गांवों के लिए सिर्फ 600 करोड़ था, लेकिन भाजपा ने आते ही इसको 3000 करोड़ रुपए किया और आज यहां के विकास के लिए 7200 करोड़ रुपए का बजट है। कांग्रेस कार्यकाल में स्कूलों में दीवारें नहीं थीं, गांव से चौपाल गायब थे, कोई धर्मशाला नहीं था, वही कांग्रेस पार्टी आज हिसाब मांग रही है। उन्होंने पहले क्या किया इसका हिसाब दें। बीजेपी नेता ने कहा, कांग्रेस के लोग फर्जी हैं। इन्होंने आरक्षण के नाम पर झूठ बोलकर दलितों के साथ अन्याय किया है। आरक्षण खत्म करने की बात कहकर इन्होंने कर्नाटक में ओबीसी और एससी का आरक्षण मुसलमानों को दे दिया। इन्होंने बहुत पहले ही कह दिया था कि आरक्षण पर पहला अधिकार मुसलमानों का है। ये संविधान बदलने की बात करते हैं, जो गलत है। पहले इंदिरा गांधी गलत तरीके से चुनाव जीती थीं। हाईकोर्ट में इसको चैलेंज किया गया तो वो हार गईं। वह संविधान की रक्षा की थी क्या?

कांग्रेस ने उस समय देश में इमरजेंसी लागू कर दी, पत्रकारों को जेल में बंद कर दिया। अब ये संविधान बचाने और तोड़ने की बात कर रहे हैं। कांग्रेस नेताओं को डूबकर मर जाना जाना चाहिए, क्योंकि इन्होंने सबसे पहले संविधान तोड़ने का काम किया। भाजपा हमेशा जनता के साथ रही है और जनता के हित में काम की है। हम हमेशा चुनाव के लिए तैयार हैं। आज हम सोनीपत में जनता से बात करने आए हैं। लेकिन अगर कांग्रेस पार्टी की बात करें, तो ये सिर्फ बाप-बेटा की प्राइवेट पार्टी बनकर रह गई है।

करंट क्राइम ट्वीट का करंट

Sanjeev Jha
4 h

अभिमानं सुरापानं गौरवं रौरवस्तथा।
प्रतिष्ठा शूकरी विष्टा त्रीणी त्यक्त्वा सुखी भवेत्।।

अभिमान करना यह मदिरापान करने के समान है। गौरव की इच्छा करना यह रौरव नरक में जाने के समान है। प्रतिष्ठा की परवाह करना यह सूअर की विष्टा का संग्रह करने के समान है। इन तीनों का त्याग करके सुखी होना चाहिए.








# इस बार दिशा की बैठक होने जा रही है कुछ खास

# दोनों ही पक्ष आएंगे पूरी तैयारियों के साथ



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** दिशा की बैठक को लेकर अब तक ये अवधारणा जिले में चली आ रही है कि दिशा की बैठक को लेकर दशा अलग अलग हैं। इस बैठक में कुछ ऐसा हो गया था कि लोकसभा वालों और विधानसभा वालों के बीच दूरियां बढ़ गईं। विधान सभा वालों की चेयर खाली रहीं और लोक सभा वालों ने इस बात की न करते हुए पूरे फेयर तरीके से मीटिंग कर ली। ये भी रहा कि लोक सभा वाले दिशा की बैठक ले रहे हैं और विधान सभा वाले भंडारे में शिरकत कर रहे हैं। अब लोकसभा वाले भी विधानसभा से ही आयें हैं और विधानसभा वाले तो हैं ही। दिशा की बैठक को लेकर लोकसभा सांसद ने ऐलान किया था कि बैठक जल्द होगी। सूत्र बताते हैं कि बैठक जब भी होगी इस बार बैठक कुछ खास होगी। दोनों ही पक्ष तैयारियों के साथ आ रहे हैं। लोकसभा वालों की तैयारियां पूरी हैं और वो प्रशासन वालों को भी कह चुके हैं कि चूंकि दिशा की बैठक महत्वपूर्ण है इसलिए इस बैठक में जो अधिकारी आयें वो पूरी तैयारी के साथ आयें। सूत्र बताते हैं कि दिशा की बैठक को लेकर तैयारियां दोनों तरफ चल रही हैं। लोकसभा सांसद के छोर से भी कई सरकारी विभागों में पत्र भेजे गये हैं। इन पत्रों में कई विषयों को लेकर अधिकारियों से जानकारी मांगी गई है। मौखिक तौर पर ये अवगत करा दिया गया है कि ये जानकारी दिशा की बैठक से ही जुड़ी है। लिहाजा जानकारी देने के साथ-साथ बैठक में भी पूरी जानकारी के साथ आयें। वहीं बताया जाता है कि अधिकारी भी सांसद द्वारा मांगी गई जानकारियों के संबंध में पूरी सूचना जुटा रहे हैं। साक्ष्यों के साथ दिशा की बैठक में वो आयेंगे और जो भी जानकारी मांगी गई है उस जानकारी के सम्बन्ध में बतायेंगे।

### 15 अगस्त के बाद होगी कलैक्ट्रेट में दिशा की बैठक

करंट क्राइम। दिशा की बैठक को लेकर ये माना जा रहा था कि जुलाई माह में ये बैठक हो सकती है। सूत्र बताते हैं कि आधी अधूरी जानकारी के साथ लोकसभा सांसद दिशा की बैठक करने के कतई मूड में नहीं है। वो जिन मुद्दों को दिशा की बैठक में ला रहे हैं उन विषयों को लेकर वो स्पष्ट जानकारी चाहते हैं कि आखिर इतने समय से इन विषयों का समाधान क्यों नहीं हुआ। संसाधन के कारण नहीं हुआ या अन्य वजह रहीं। अब सांसद की प्राथमिकता भी ये हैं कि वो अपने लोकसभा क्षेत्र में इन समस्याओं का स्थायी समाधान करें। सूत्र बताते हैं कि दिशा की बैठक अब 15 अगस्त के बाद होगी।

### जब अधिकारी को झेलना पड़ा जवाब देने में लापरवाही का अंजाम

करंट क्राइम। आमतौर पर ये होता है कि जब कोई भी पत्राचार सरकारी विभाग में होता है तो जवाब देने में टालमटोल होती है। जनता के पत्रों तक तो ठीक है लेकिन जनप्रतिनिधि के पत्रों को भी जब इसी तरीके से देखा जायेगा तो फिर इसके साइड इफैक्ट भी आयेंगे। सूत्र बताते हैं कि कलैक्ट्रेट से जुड़े एक महकमें में लोकसभा सांसद की ओर से जानकारी मांगी गई। सांसद द्वारा जो जानकारी मांगी गई थी उसे लेकर संबंधित अधिकारी ने टालमटोल वाला रवैया अपनाया। उन्होंने अपने पत्र में यहां तक लिख दिया कि वेबसाइट से जानकारी ले लें। बताया जाता है कि इसके बाद लोकसभा सांसद ने कलैक्ट्रेट के बड़े अधिकारी को फोन मिलाया। उन्हें कनिष्ठ अधिकारी के रवैये से अवगत कराया। बताते हैं कि जब सांसद ने पूरा मामला बताया तो फिर कुछ ऐसा हुआ कि कनिष्ठ अधिकारी एक घंटे बाद ही सही जवाब लेकर दिल्ली गेट वाले सहायता केन्द्र पर खड़ा नजर आया। उनकी भी समझ में आ गया कि जो जवाब मांगा जाये वो जवाब देना है और मामले को टालना नहीं है।

# सपा संगठन को है राहुल और अखिलेश की रणनीति का इंतजार

## जिला और महानगर अध्यक्ष बोले उपचुनाव के लिए हम हैं तैयार

● उपचुनाव के लिए चल रही है तैयारियां

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** गाजियाबाद की शहर सीट पर उपचुनाव होना है और उपचुनाव की तैयारी को लेकर भगवा दल से लेकर गठबंधन वाले अंदर ही अंदर तैयारी कर रहे हैं। दैनिक करंट क्राइम ने सपा जिला अध्यक्ष फैसल हुसैन और सपा महानगर अध्यक्ष वीरेंद्र यादव से बातचीत की है कि अभी उपचुनाव को लेकर क्या तैयारी चल रही है। क्या समाजवादी पार्टी से कोई चेहरा सिंबल पर चुनाव लड़ेगा या गठबंधन का ही डंका उपचुनाव में भी बजेगा। इस पर दोनों ने कहा है कि अभी चुनाव कौन लड़ेगा, कि फेस को आगे किया जाएगा और पार्टी का क्या रुख होगा यह अखिलेश यादव और राहुल गांधी की राजनीतिक रणनीति के बाद तय होगा। फिलहाल दोनों का कहना है कि वह उपचुनाव की तैयारी में लगे हुए हैं ताकि चुनाव का रिजल्ट बेस्ट आए।



### पार्टी का निर्देश मानेंगे प्रत्येक कार्यकर्ता

करंट क्राइम : समाजवादी पार्टी के महानगर अध्यक्ष वीरेंद्र यादव का कहना है कि उपचुनाव को लेकर पार्टी का जो भी निर्देश होगा, उसका प्रत्येक कार्यकर्ता और पदाधिकारी मानने का काम करेगा। राष्ट्रीय कार्यकारिणी जो फैसला लेगी, उसे प्रदेश और जिला कार्यकारिणी पूरी तरीके से मानने का काम करेगी। वहीं प्रत्येक कार्यकर्ता भी इसमें योगदान देगा।

### दल और चेहरा कोई भी हो संगठन देगा पूरा साथ

**करंट क्राइम :** समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष फैसल हुसैन से दैनिक करंट क्राइम ने बातचीत की तो उन्होंने बताया कि उपचुनाव की तैयारी को लेकर लगातार बैठकर कार्यक्रम और पदाधिकारी के साथ रूपरेखा तैयार की जा रही है। उन्होंने कहा कि अभी गठबंधन का कौन सा चेहरा चुनाव लड़ेगा या अलग से सपा मैदान में आएगी, यह तय नहीं है लेकिन जैसे लोकसभा चुनाव के दौरान गठबंधन के प्रत्याशी के लिए संगठन ने पूरी मेहनत से काम किया है, वह सिलसिला विधानसभा के उपचुनाव में भी देखने को मिलेगा। फैसल ने कहा है कि समाजवादी पार्टी का एक-एक पदाधिकारी रणनीति के तहत उपचुनाव के कार्यक्रम और योजना बना रहा है।

# भाजपा करती है सबका साथ सबका विकास में विश्वास टिकट का रहेगा सक्रियता और कर्मठता ही आधार



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** उपचुनाव को लेकर सियासी सक्रियता बढ़ रही है। दावेदार भागदौड़ कर रहे हैं। इसी बीच उपचुनाव को लेकर सर्वे रिपोर्ट हुई है। भाजपा में सर्वे रिपोर्ट का कितना असर पड़ेगा और टिकट का समीकरण क्या रहेगा, इसे लेकर महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा ने अपनी राय रखी है।

उन्होंने कहा है कि भाजपा ही पूरे देश में एकमात्र ऐसी पार्टी है जो सबका साथ सबका विकास के सिद्धान्त पर चलती है। भाजपा सबको साथ लेकर चलने में विश्वास रखती है। भाजपा में संगठन के पद से लेकर चुनाव के टिकट तक जाति कोई मुद्दा नहीं है। उन्होंने कहा कि जहां तक सर्वे की बात है तो यह सभी राजनीतिक दलों का आंतरिक मुद्दा है और राजनीतिक दल समय समय पर सर्वे कराते ही रहते हैं। यह चलता ही रहता है। भाजपा महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा ने कहा कि भाजपा में जातिगत राजनीति नहीं बल्कि पार्टी के प्रति समर्पण और राजनीतिक सक्रियता के आधार पर उम्मीदवार का चयन होता है।

उन्होंने कहा कि उपचुनाव में भी टिकट का आधार सक्रियता और कर्मठता रहेगा। जाति का कोई मुद्दा नहीं रहेगा। भाजपा जातिगत राजनीति नहीं करती है। भाजपा एक मैरिट बेस्ड पार्टी है और यहां उम्मीदवार की जाति के वोट नहीं बल्कि उम्मीदवार की कर्मठता और सक्रियता देखी जाती है।

# नगर निगम मुख्यालय पर दो दिन रहेगी अतिरिक्त फोर्स निगम कार्यकारिणी बैठक को लेकर लिया गया निर्णय

## बड़ी संख्या में निरीक्षक और उपनिरीक्षकों को किया जाएगा तैनात



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** 19 जुलाई को नगर निगम मुख्यालय के सभागार में निगम कार्यकारिणी की बैठक है। इस दिन नगर निगम कार्यकारिणी के 6 सदस्य और उपाध्यक्ष पद की घोषणा और चुनाव का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। तो वहीं 20 जुलाई को शहर में नगर निगम प्रमुख इलाकों दुकानों और स्थानों के किराया बढ़ोत्तरी के विषय को लेकर निर्णय लिया जाना है। इसके मद्देनजर नगर निगम के अधिकारियों ने पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिटी जोन के डीसीपी स्तर के अधिकारी से दो दिन निगम मुख्यालय पर अतिरिक्त फोर्स की मांग की है। पुलिस कमिश्नरेट के सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार निगम मुख्यालय पर दो थानों की फोर्स के अतिरिक्त बड़ी संख्या में पुलिस उपनिरीक्षक और पुलिसकर्मियों को तैनात किया जाएगा। इसके साथ ही खुफिया विभाग और इंटेलीजेंस के लोगों को भी नजर रखने के निर्देश दिए गए हैं।

### बाहरी लोगों और वाहनों पर रहेगी नजर

करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के अधिकारियों से मिली जानकारी के अनुसार नगर निगम में 19 जुलाई और 20 जुलाई को अतिरिक्त संख्या में पुलिस कर्मियों की तैनाती की जाएगी। इसके साथ ही नगर निगम परिसर में प्रवेश करने वाले लोगों की भी जांच पड़ताल होगी। वहीं जो संदिग्ध नजर आएगा, उससे पुलिस पूछताछ भी कर सकती है। वहीं बाहरी वाहनों के प्रवेश को लेकर भी सख्ती बरती जाएगी। निगम के अधिकारियों, पार्षदों और मीडियाकर्मी के अलावा अन्य लोगों के वाहनों के यहां खड़े करने पर रोक रहेगी। इसके साथ ही पुलिस के अधिकारियों को भी अलर्ट रहने का शीर्ष अधिकारियों ने निर्देश जारी कर दिया है।

# दैनिक करंट क्राइम की साप्ताहिक रिपोर्ट : हादसे, हत्या और साइबर ठगों के नाम रहा सप्ताह

## हवालात में निकला कोबरा सांप, तो कांवड़ यात्रा को लेकर पूरे सप्ताह हुई प्लानिंग



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद में बीता सप्ताह कांवड़ यात्रा की तैयारियों के नाम रहा। इस दौरान जहां लोनी में करंट लगने से 8 साल की बच्ची की मौत का मामला सामने आया, तो वहीं इंदिरापुरम में सड़क हादसे में एक व्यक्ति की जान भी चली गई। इन हादसों के साथ 11 जुलाई की रात नंदग्राम थानाक्षेत्र में आपसी विवाद में दो चचेरे भाइयों की हत्या भी की गई। इसमें आरोपी भी रिश्तेदार ही गिरफ्तार हुए। पुलिस ने इस मामले का चंद्र घंटों के अंदर खुलासा कर दिया। तो वहीं साइबर ठग लगातार पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में लोगों के लिए सिर दर्द बने हुए हैं। ठगों ने शेयर ट्रेडिंग के नाम पर दो लोगों के साथ एक करोड़ रुपये से अधिक की ठगी की वारदात को अंजाम दिया। वहीं नदियापार की पुलिस ने फिर ऑपरेशन टांग तोड़ जारी रखा। 12 जुलाई को पुलिस ने मुठभेड़ के बाद शालीमार गार्डन क्षेत्र से लुटेरे को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की। आरोपी पर 20 से ज्यादा मुकदमे दर्ज थे, तो वहीं मधुबन बापूधाम थाने की हवालात में कोबरा सांप मिलने का मामला भी कम हैरान करने वाला नहीं रहा। एक माह पूर्व निवाड़ी के छिंदवाड़ा में हुए हत्याकांड के मामले में 50 हजार रुपये का पुलिस ने आरोपी भी गिरफ्तार करने का काम किया।

करंट क्राइम साप्ताहिक रिपोर्ट

### सिटी जोन में हुई एक साथ दो हत्याएं, पुलिस ने चंद घंटे में खोला राज



**करंट क्राइम :** 11 जुलाई की रात नंदग्राम थानाक्षेत्र में दो परिवारों के बीच चले आ रहे आपसी विवाद और रईस बनने की होड़ चल रही थी। इस मामले में कहासुनी के बाद गोली दोनों ओर से चली, जिसमें दो चचेरे भाइयों की गोली लगने से अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई थी। तो पुलिस ने हत्या में शामिल तीन रिश्तेदारों को घटना के कुछ घंटे बाद ही गिरफ्तार करते हुए, इस घटना का खुलासा करते हुए तीन आरोपियों को जेल भेज दिया। खुद एडिशनल कमिश्नर ऑफ पुलिस दिनेश कुमार पी और एसीपी नंदग्राम रवि सिंह और उनकी टीम ने घटना का अनावरण किया।

### हादसों में हुई दो बच्चों की दर्दनाक मौत



**करंट क्राइम :** इसी सप्ताह लोनी में जहां करंट लगने से ट्रोनिका सिटी थानाक्षेत्र में 7 वर्षीय मासूम बच्ची की दर्दनाक मौत हो गई। तो वहीं कवि नगर थानाक्षेत्र के चिरंजीव विहार में नाले के पास खड़ी एक बच्ची का पैर फिसलने से वह उसमें जा गिरी थी। अस्पताल में उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई, हालांकि आसपास के लोगों और स्थानीय पुलिस व पार्षद ने जान बचाने का प्रयास किया था लेकिन बच्ची को बचाया नहीं जा सका था।

### पुलिस के लिए सिरदर्द बने हुए हैं साइबर अपराधी



**करंट क्राइम :** 12 जुलाई को पुलिस को सूचना मिली कि शेयर ट्रेडिंग करने के नाम पर दो साइबर ठगों ने पुलिस कमिश्नरेट के अलग-अलग थानाक्षेत्रों में रहने वाले दो लोगों के साथ लगभग एक करोड़ रुपए से अधिक की वारदात को अंजाम दिया। इस मामले में पुलिस ने मुकदमा लिखते हुए कार्रवाई और जांच शुरू कर दी है लेकिन अभी पुलिस साइबर ठगों तक नहीं पहुंच पाई है।


### शालीमार गार्डन पुलिस में लुटेरे का किया एनकाउंटर

**करंट क्राइम :** शालीमार गार्डन पुलिस ने 12 जुलाई को रात्रि चेकिंग के दौरान मुठभेड़ में एक ऐसे अपराधी को गिरफ्तार किया। जिस पर लूट के लगभग 20 से ज्यादा मुकदमे दर्ज थे।

एनकाउंटर के वक्त एसीपी शालीमार गार्डन सिद्धार्थ गौतम थाना अध्यक्ष नरेंद्र के साथ चेकिंग कर रहे थे। जिसकी सूचना आगे पुलिस को दी गई और पुलिस ने आरोपी को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया।



### थाने की हवालात में निकला कोबरा सांप



**करंट क्राइम :** बारिश का मौसम चल रहा है और बारिश के मौसम में मधुबन बापूधाम थाना क्षेत्र में गुरुवार की रात थाने की हवालात में एक लंबा कोबरा सांप निकल आया। कोबरा सांप को देखकर थाने में पुलिसकर्मियों और अन्य स्टाफ में हलचल बढ़ गई।

आनन-फानन में वन विभाग की टीम को सूचना दी गई। वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और कोबरा सांप का रेस्क्यू करते हुए उसे दबोचा और जंगलों में छोड़ दिया। थाने में सांप मिलने के बाद आगामी कांवड़ यात्रा को देखते हुए सांप को लेकर विशेष फोकस करने का अधिकारियों द्वारा निर्देश भी दे दिया गया है।

### वरिष्ठ अधिकारियों की सप्ताह भर रही कांवड़ को लेकर मीटिंग



**करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में आगामी 22 जुलाई से होने वाली कांवड़ यात्रा को लेकर इस पूरे सप्ताह बैठकों का दौर चला। मीटिंग कभी पुलिस लाइन के कार्यालय में आयोजित की गई, तो कभी अधिकारियों से लेकर सिविल डिफेंस, डीवीएफ और यातायात के एडीजी के साथ ही कमिश्नरेट के सभी अधिकारियों ने अपने-अपने स्तर पर कांवड़ यात्रा को सफलतापूर्वक संपन्न कराने के लिए बैठकें की हैं।

## संपादकीय

# बुलेट नहीं, बैलट ही कारगर हथियार

अमेरिका में पूर्व राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप पर शनिवार को एक चुनावी रैली के दौरान हुआ जानलेवा हमला हर लिहाज से दुर्भाग्यपूर्ण कहा जाएगा। गनीमत है कि हमले में ट्रंप को ज्यादा नुकसान नहीं हुआ और वह सुरक्षित हैं। हालांकि उन पर हुए इस हमले ने पहले से ही दो ध्रुवों में बंटे अमेरिकी जनमत को बुरी तरह आलोड़ित कर दिया है।

अमेरिका में राष्ट्रपतियों पर इस तरह का हमला कोई नई बात नहीं है। वहां ऐसे हमलों का लंबा इतिहास रहा है। चार राष्ट्रपति और एक राष्ट्रपति पद के प्रत्याशी ऐसे हमलों में जान तक गंवा चुके हैं। पिछले चार-पांच दशकों की बात करें तो रोनाल्ड रीगन, बिल क्लिंटन और जॉर्ज डब्ल्यू बुश जैसे चर्चित राष्ट्रपति हमलों का निशाना बन चुके हैं। फिर भी ट्रंप पर हुए इस हमले की अतीत की घटनाओं से तुलना नहीं की जा सकती। ट्रंप न सिर्फ अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति हैं बल्कि आगामी चुनावों में रिपब्लिकन पार्टी की ओर से इस पद के प्रत्याशी भी हैं। अब तक के तमाम सर्वे उन्हें लोकप्रियता में सबसे आगे बता रहे हैं। यही नहीं, ट्रंप राजनीति और शासन की अपनी विशिष्ट शैली के लिए जाने जाते रहे हैं। अमेरिकी इतिहास में यह पहला मौका है जब कोई पूर्व राष्ट्रपति चुनाव परिणामों को पलटने के लिए दंगे भड़काने जैसे आरोपों का सामना कर रहा है या चुनाव नतीजों को स्वीकार करने से लगातार इनकार करता रहा है। इसके बावजूद लोकप्रियता में सबसे आगे नजर आ रहा है।

ऐसे में ट्रंप पर हमले की इस घटना की गंभीरता बहुत बढ़ जाती है। इसका अमेरिका के आम लोगों की सोच पर, वहां की राजनीति और चुनावों पर किस तरह का प्रभाव पड़ता है, यह आने वाले दिनों में स्पष्ट होगा। हालांकि ट्रंप समर्थकों का एक धड़ा इसके लिए उनके राजनीतिक विरोधियों की आक्रामक प्रचार शैली को अभी से जिम्मेदार ठहराने लगा है। देखना होगा कि यह सिलसिला चुनावों में वोटरों की सहानुभूति हासिल करने की कोशिशों तक सीमित रहता है या राजनीति में और ज्यादा कड़वाहट घोलता है।

सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि चाहे अमेरिका के घरेलू राजनीतिक माहौल की बात हो या चुनाव परिणामों की, उनका असर अमेरिका तक सीमित नहीं रहता। पूरा विश्व उसके दायरे में आता है। ऐसे में जरूरी है कि जांच एजेंसियां इस घटना के असली कारणों तक जल्द से जल्द पहुंचें। हालांकि हमलावर के मारे जाने की वजह से यह काम थोड़ा और मुश्किल हो गया है। फिर भी उम्मीद है कि जैसे-जैसे जांच आगे बढ़ेगी और साजिशों के तार खुलेंगे, वैसे-वैसे बहस भी समाज को हिंसक बनाने वाले और गन कल्चर को बढ़ाने वाले कारकों पर केंद्रित होगी। याद रखना चाहिए कि लोकतंत्र में बुलेट नहीं, बैलट ही सबसे कारगर हथियार होता है।

# पहली तिमाही में वाहनों का निर्यात 15.5% बढ़ा

**नई दिल्ली।** देश से वाहनों का निर्यात चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही (अप्रैल-जून) में सालाना आधार पर 15.5 फीसदी बढ़कर 11,92,577 इकाई पहुंच गया। एक साल पहले की समान तिमाही में 10,32,449 वाहनों का निर्यात किया गया था। सोसायटी ऑफ इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स (सियाम) के आंकड़ों के मुताबिक, इस अवधि में यात्री वाहनों का निर्यात 19 फीसदी बढ़कर 1,80,483 इकाई पहुंच गया। मारुति सुजुकी 69,962 वाहनों के निर्यात के साथ सबसे आगे रही। दूसरे स्थान पर काबिज ह्यूंडई ने 42,600 गाड़ियों का निर्यात किया। देश से दोपहिया वाहनों का निर्यात 17 फीसदी बढ़कर 9,23,148 इकाई पहुंच गया। वाणिज्यिक वाहनों का निर्यात भी सालाना आधार पर आठ फीसदी बढ़कर 15,741 इकाई पहुंच गया। तिपहिया वाहनों के निर्यात में तीन फीसदी गिरावट रही। आंकड़ों के मुताबिक, बीते वित्त वर्ष 2023-24 में कुल 45,00,492 वाहनों का निर्यात किया। 2022-23 में यह आंकड़ा 47,61,299 इकाई रहा था।



## ईपीएफओ से 27 प्रतिष्ठानों ने छूट वापस ली, फंड में जुड़े 1,689 करोड़

कर्मचारी भविष्य निधि संगठन की बेहतर सेवाओं के कारण पिछले दो वर्षों में 27 प्रतिष्ठानों ने अपनी छूट वापस ले ली है। इससे लगभग 30,000 कर्मचारी जुड़ गए हैं और ईपीएफओ के तहत फंड में 1688.82 करोड़ रुपये की राशि शामिल हो गई है। श्रम और रोजगार मंत्रालय के एक अधिकारी ने रविवार को कहा कि प्रतिष्ठान अपने कर्मचारियों के भविष्य निधि (पीएफ) का प्रबंधन ईपीएफओ से कराने को तरजीह दे रहे हैं। इससे उन्हें अपनी मुख्य व्यावसायिक गतिविधियों पर ध्यान केंद्रित करने का मौका मिलता है।

इंडियन ऑयल ने रेसिंग कार में इस्तेमाल होने वाले ईंधन स्टॉर्म-एक्स का उत्पादन शुरू किया है और इसकी पहली खेप भेज दी है। इसके साथ ही, वह एफ1 रेसिंग में इस्तेमाल होने वाले ईंधन का उत्पादन करने वाली पहली भारतीय कंपनी बन गई है। इंडियन ऑयल के निदेशक (विपणन) वी सतीश कुमार ने कहा, ओडिशा के पारादीप में उसकी रिफाइनरी ने स्टॉर्म-एक्स का उत्पादन शुरू कर दिया है। यह हाई ऑक्टेन पेट्रोल विशेष रूप से रेसिंग कारों के लिए तैयार किया गया है। घरेलू कीटनाशकों की श्रेणी में अग्रणी गोदरेज कंज्यूमर प्रोडक्ट्स लि. (जीसीपीएल) ने अपने नए गुडनाइट फ्लैश लिक्विड वेपोराइजर में रेनोफ्लुथ्रिन फॉर्मूलेशन पेश कर रहा है, जो भारत का सबसे प्रभावशाली लिक्विड वेपोराइजर है। यह देश का पहला स्वदेशी रूप से विकसित किया गया मॉलिक्यूल है जो मच्छर नियंत्रण के लिए सबसे प्रभावी लिक्विड वेपोराइजर फॉर्मूलेशन बनाता है।

# बढ़ते खर्च को देखते हुए स्टैंडर्ड डिडक्शन बढ़ाकर एक लाख कर सकती है सरकार

**नई दिल्ली।** बढ़ते खर्च और महंगाई को देखते हुए सरकार बजट में स्टैंडर्ड डिडक्शन को 50,000 रुपये से बढ़ाकर एक लाख रुपये कर सकती है। परामर्श फर्म केपीएमजी का कहना है कि बजट में होम लोन ब्याज पर कर छूट बढ़ाने और पूंजीगत लाभ कर व्यवस्था को युक्तिसंगत बनाए जाने की उम्मीद है।

केपीएमजी ने एक टिप्पणी में कहा, चिकित्सा खर्च, ईंधन लागत और समग्र महंगाई में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। ऐसे में अधिक खर्च करने योग्य आय उपभोक्ताओं के हाथ में देने के लिए उम्मीद है कि नई कर व्यवस्था के तहत मूल कर छूट सीमा को तीन लाख रुपये से बढ़ाकर पांच लाख रुपये किया जा सकता है। टिप्पणी में होम लोन के संबंध में कहा गया कि ब्याज दरों में हालिया वृद्धि और विनियामक सुधारों के कारण रियल एस्टेट क्षेत्र पर दबाव बढ़ रहा है। इन चुनौतियों को कम करने और मकान खरीदने को बढ़ावा देने के लिए सरकार होम लोन ब्याज पर छूट को 2.50 लाख से बढ़ाकर तीन लाख कर सकती है।



# एसबीआई से कर्ज लेना हुआ महंगा

**मुंबई।** देश के सबसे बड़े ऋणदाता भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने सोमवार से अपनी बेंचमार्क सीमांत लागत ऋण दर (एमसीएलआर) में 0.05 प्रतिशत से 0.10 प्रतिशत तक की वृद्धि कर दी।

बैंक के इस कदम से एमसीएलआर आधारित ऋणों की ब्याज दरों में भी इजाफा होगा। एक महीने के ऋण पर एमसीएलआर 0.05 प्रतिशत बढ़कर 8.35 प्रतिशत हो गई है। तीन महीने की अवधि के ऋण पर यह 0.10 फीसदी की बढ़ोतरी के साथ 8.40 फीसदी पर है। छह महीने, एक साल और दो साल के ऋण के लिए एमसीएलआर 0.10 प्रतिशत बढ़ाकर क्रमशः 8.75 प्रतिशत, 8.85 प्रतिशत और 8.95 प्रतिशत कर दी गई है। तीन साल के ऋण के लिए एमसीएलआर में 0.05 फीसदी की वृद्धि हुई है और यह अब 9 प्रतिशत होगी। इससे पहले जून में भी एसबीआई ने एमसीएलआर में 0.10 प्रतिशत की बढ़ोतरी की थी। एमसीएलआर न्यूनतम ब्याज दर है जिससे कम पर बैंक ऋण नहीं दे सकता। ज्यादातर कॉर्पोरेट ऋण एमसीएलआर आधारित होते हैं जबकि खुदरा ऋण रेपो दर पर आधारित होते हैं। भारतीय रिजर्व बैंक ने इस साल फरवरी से रेपो रेट में कोई बदलाव नहीं किया है। आम तौर पर ब्याज दरों के मामले में दूसरे बैंक एसबीआई का अनुसरण करते हैं। इस कारण अब दूसरे बैंकों के कर्ज भी महंगे होने की संभावना है।

# भारतीय बासमती चावल का निर्यात 13 फीसदी बढ़ा



## दो महीने में विदेश से आए 103.7 करोड़ डॉलर

**नई दिल्ली।** भारतीय बासमती चावल की मांग विदेश में लगातार बढ़ रही है। हालांकि, कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य उत्पादों के निर्यात में मामूली गिरावट देखने को मिली है। एग्रीकल्चरल एंड प्रॉसेस्ड फूड प्रोडक्ट्स एक्सपोर्ट डेवलपमेंट अथॉरिटी (एपीडा) के आंकड़े के मुताबिक, भारत ने चालू वित्त वर्ष 2024-25 की अप्रैल-मई अवधि में 103.7 करोड़ डॉलर के बासमती चावल का निर्यात किया। यह 2023-24 की समान अवधि के 91.7 करोड डॉलर की तुलना में 13.11 फीसदी अधिक है।

दरअसल, घरेलू बाजार में कीमतों को नियंत्रित करने के लिए सरकार की ओर से चावल के निर्यात पर लगाए प्रतिबंधों का असर अन्य किस्मों पर पड़ा है। यही वजह है कि अप्रैल-मई में गैर-बासमती चावल का निर्यात सालाना आधार पर 13.35 फीसदी घटकर 91.9 करोड़ डॉलर रह गया। आंकड़ों के मुताबिक, चालू वित्त वर्ष की अप्रैल-मई अवधि में कृषि एवं प्रसंस्कृत खाद्य उत्पादों का निर्यात सालाना आधार पर मामूली 0.49 फीसदी घटकर 433.7 करोड़ डॉलर रह गया। 2023-24 की समान अवधि में निर्यात का यह आंकड़ा 435.8 करोड़ डॉलर रहा था।

सब्जियों और फलों के निर्यात में भी गिरावट देखने को मिली है। चालू वित्त वर्ष की अप्रैल-मई अवधि में भारत से 12.2 करोड़ डॉलर की ताजी सब्जियों का निर्यात किया गया। यह आंकड़ा 2023-24 की समान अवधि में निर्यात किए गए 12.3 करोड़ डॉलर की सब्जियों की तुलना में 1.08 फीसदी है। इस दौरान ताजे फलों का निर्यात भी सालाना आधार पर 7.86 फीसदी घटकर 20.5 करोड़ डॉलर रह गया।

## राशिफल

**मेष:** स्वास्थ्य संबंधी मामलों को छोड़कर आज का दिन आपके लिए भाग्यशाली है। आपकी मां और आपके बच्चों का स्वास्थ्य भी आपको थोड़ा परेशान कर सकता है।

**वृष:** आज आपका दिन खुशियों से भरा रहेगा। समाज में आपकी प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। ऑफिस में कुछ दोस्तों की मदद से आपका प्रोजेक्ट पूरा होगा।

**मिथुन:** आज का दिन दैनिक कार्यों में व्यतीत होगा. परिवार के सदस्यों का स्वास्थ्य खराब हो सकता है। कोई आवश्यक वस्तु गायब हो सकती है।

**कर्क:** आज के दिन रोजमर्रा के कामों में मन नहीं लगेगा. कुछ बातें जो दिमाग में आती हैं, वे आपको दुखी कर सकती हैं। भावनाओं और क्रोध पर नियंत्रण रखें।

**सिंह:** आप किसी महत्वाकांक्षी योजना में प्रवेश कर सकते हैं। यदि आप साझेदारी या संघ में प्रवेश करना चाहते हैं, तो सकारात्मक विकास संभव है।

**कन्या:** आज का दिन आपके लिए अच्छा रहेगा। रास्ते में किसी करीबी से मुलाकात हो सकती है। किसी दोस्त से मुलाकात से आप पूरा दिन खुश रहेंगे।

**तुला:** आज का दिन आप काल्पनिक दुनिया में बिताएंगे। रचनात्मक शक्ति को भी उचित दिशा मिलेगी। खर्चे की चिंता से मन बेचैन रह सकता है।

**वृश्चिक:** आपको अधिक मेहनत करनी पड़ेगी। काम का तनाव बढ़ सकता है। पुराने मुद्दे मत उठाओ। प्यार दिखाने में संकोच न करें। वाहन चलाते समय सावधानी जरूरी है।

**धनु:** आज आपको अति आशावादी नहीं होना चाहिए और बहुत सतर्क रहने की कोशिश करनी चाहिए। धन की रुकावट के कारण परिवार में असंतोष हो सकता है।

**मकर:** आज आपका दिन ठीक रहेगा. परिवार में सुख-शांति का माहौल रहेगा। आप अपने सहपाठियों के साथ कहीं बाहर जाने की योजना बना सकते हैं।

**कुंभ:** आज परिवार और दोस्तों के साथ खाने-पीने का आयोजन होगा। स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। धैर्य की कमी रहेगी। बातचीत में संयमित रहें।

**मीन:** व्यापार में थोड़ा लाभ होगा। स्थानान्तरण की स्थिति हो सकती है या आपको ऐसी खबर भी मिल सकती है। नौकरी और व्यापार में पैसों के मामले उलझ सकते हैं।

## चुटकुले

भारत में लोग हेलमेट नहीं पहनेंगे, पर फोन कवर और स्क्रीन गार्ड जरूर लगाएगे अपना चाहे सर फूट जाये पर मोबाइल को कुछ नहीं होना चाहिए।

---

टीचर पप्पू से- तुम्हारे पिताजी क्या करते हैं?
पप्पू- जी वो गालियां खाने का काम करते है
टीचर- क्या मतलब?
पप्पू- जी वो कस्टमर केयर एक्ज्यूक्रेटिव हैं।

---

संता- कल रात पता नहीं हमारे पड़ोसी को क्या हुआ, आधी रात को आकर हमारा दरवाजा पीटने लगा।
बंता- अच्छा फिर आपने क्या किया?
संता- मैंने क्या करना था, मैं भी मस्ती से तबला बजाता रहा

## रोचक तथ्यों का करंट

- इंद्रधनुष रंगावली का क्रम लाल, नारंगी, पीला, हरा, नीला, नीलिगो, बैंगनी है।
- इंद्रधनुष न केवल बारिश में देखा जा सकता है बल्कि धुंध, स्प्रे, कोहरे और ओस में भी देखा जा सकता है, जब भी हवा में पानी गिरता है और दाएं कोण पर पीछे से चमकता हुआ प्रकाश होता है।
- अधिकांश इंद्रधनुष प्राथमिक इंद्रधनुष होते हैं, बाहरी किनारे पर लाल और भीतरी किनारे पर बैंगनी।
- यदि एक डबल इंद्रधनुष है तो दुसरे वाले के रंग प्राथमिक या पहली इंद्रधनुष के विपरीत क्रम में होते हैं।
- एक चंद्र इंद्रधनुष या चंद्रधनुष देखने के लिए, चंद्रमा केवल पूर्ण ही नहीं होना चाहिए, बल्कि यह सूर्योदय से 2 से 3 घंटे के भीतर आकाश में 42 डिग्री से भी कम होना चाहिए, और निश्चित रूप से, बारिश बिल्कुल उस सटीक पल पर चंद्रमा के विपरीत होनी चाहिए।
- बहुत ही दुर्लभ अवसरों पर एक तीसरा और चौथा इंद्रधनुष भी हो सकता है।
- कुछ इंद्रधनुष में केवल एक रंग होता है और इसे 'मोनोक्रोम इंद्रधनुष' कहा जाता है।

दैनिक करंट क्राइम

समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।

संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606315 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

करंट क्राइम

K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, MoÜ 09899655497
Email: currentcrimenews@gmailÜcom
Website: wwwÜcurrentcrimeÜcom




स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए ।जी ।एस। पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी

संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

# क्रिकेट बोर्ड ने केंद्रीय अनुबंध पर लिया बड़ा फैसला

## विश्व कप में पाकिस्तान के लचर प्रदर्शन के बाद बोर्ड लेगा एक्शन




**नई दिल्ली।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने केंद्रीय अनुबंध को लेकर बड़ा फैसला लिया है।

बोर्ड ने करार की समय सीमा तीन साल से घटाकर एक साल करने का फैसला किया है। हालांकि, खिलाड़ियों के वेतन में किसी तरह की कोई कटौती नहीं होगी। लाहौर में पीसीबी अध्यक्ष मोहसिन अकवी द्वारा बुलाई गई बैठक में यह निर्णय लिया गया।

**विश्व कप में पाकिस्तान के लचर प्रदर्शन के बाद बोर्ड लेगा एक्शन**

### एक साल का होगा केंद्रीय अनुबंध

भारत और अमेरिका के खिलाफ शिकस्त के साथ पाकिस्तान टी20 विश्व कप के सुपर आठ चरण में जगह बनाने में नाकाम रहा था। बोर्ड के एक अधिकारी ने कहा, चयनकताओं ने केंद्रीय अनुबंध के वित्तीय हिस्से में कोई बदलाव नहीं करने की सिफारिश की है लेकिन अब अनुबंध संशोधित होकर 12 महीने का होगा जिसमें प्रत्येक 12 महीने में खिलाड़ियों की फिटनेस, बर्ताव और फॉर्म का आकलन किया जाएगा।

### खिलाड़ियों के लिए फिटनेस परीक्षण अनिवार्य

पिछले साल पीसीबी के पूर्व अध्यक्ष जका अशरफ की खिलाड़ियों के साथ सहमति बनी थी जिसके तहत केंद्रीय अनुबंध के नियमों और वित्तीय पहलू में तीन साल तक कोई बदलाव नहीं करने की गारंटी दी गई थी। अधिकारी ने कहा कि पीसीबी ने सभी केंद्रीय और घरेलू अनुबंधित खिलाड़ियों के लिए प्रत्येक तीन महीने में फिटनेस परीक्षण अनिवार्य कर दिया है।

इस बैठक में पाकिस्तान के टेस्ट कोच जेसन गिलेस्पी, सीमित ओवरों के कोच गैरी कर्स्टन, चयनकर्ता मोहम्मद यूसुफ और असद शाफिक, सहायक कोच अजहर महमूद और अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। बोर्ड ने कहा कि टी20 विश्व कप में पाकिस्तान टीम के लचर प्रदर्शन के बाद वह अपनी नीतियों में थोड़े बदलाव करने का इरादा रखता है।

# स्पेन ने इंग्लैंड को 2-1 से हराया

● चौथी बार जीता यूरो खिताब



**बर्लिन।** सब्स्टीट्यूट मिकेल ओयारजाबल ने समय से चार मिनट पहले गोल करके स्पेन को रविवार को इंग्लैंड पर 2-1 की यूरो 2024 की जीत और रिकॉर्ड चौथी बार यूरोपीय खिताब दिलाया, जबकि गैरेथ साउथगेट की टीम लगातार दूसरे फाइनल में हार गई। ओयारजाबल ने मार्क कुकुरेला के साथ मिलकर विजयी गोल के लिए तेजी से जवाबी हमला किया, जिससे स्पेन को चैंपियन का ताज पहनाया गया, जिसने टूनार्मेंट में खेले गए सभी सात मैच जीते थे। पहला हाफ दोनों टीमों के प्रयासों के बावजूद गोलरहित रहा। मैच के तीनों गोल दूसरे हाफ में हुए। बेहद सतर्क पहले हाफ के बाद जहां स्पेन के पास अधिक कब्जा था और उनके विरोधियों को लक्ष्य पर एकमात्र शॉट मिला। दूसरे हाफ में खेल फिर से शुरू होने के बाद स्पेनियों को गतिरोध तोड़ने में केवल दो मिनट लगे। किशोर लेमिन यामल को दाहिनी ओर जगह मिली और साथी विंगर निको विलियम्स को क्रॉस दिया जिन्होंने गोल दागने में कोई गलती नहीं की जिससे इंग्लैंड लगातार चौथे मैच में पिछड़ गया। इसके बाद स्पेन ने कई हमलों के साथ इंग्लैंड की पहले से ही मजबूत रक्षा पंक्ति को तोड़ दिया। इंग्लैंड के बॉस गैरेथ साउथगेट ने एक घंटे के बाद अप्रभावी हैरी केन के स्थान पर सेमीफाइनल के गोलस्कोरिंग स्थानापन्न नायक ओली वॉटकिंस को भेजकर प्रतिक्रिया व्यक्त की, पिछले महीने के उनके सबसे रचनात्मक खिलाड़ी कोल पामर 10 मिनट बाद उनके साथ शामिल हो गए। इसका फायदा लगभग तुरंत ही मिला जब जूड बेलिंगहैम ने गेंद को वापस पामर के रास्ते में डाल दिया और स्थानापन्न खिलाड़ी ने 73वें मिनट में 20 मीटर का एक सटीक शॉट लगाकर बराबरी का गोल दाग दिया। इंग्लैंड के प्रशंसकों की भीड़, जिनकी संख्या उनके प्रतिद्वंद्वियों से काफी अधिक थी, में विस्फोट हो गया और रात का पूरा माहौल बदल गया। हालाँकि, स्पेन ने तूफान का सामना किया और 68वें मिनट में आए ओयारजाबल ने हमला कर दिया। दूसरे छोर पर अभी भी अधिक नाटक का समय था क्योंकि स्पेन के गोलकीपर उनाई साइमन ने एक कोने से डेक्लान राइस के हेडर को रोक दिया और दानी ओल्मो ने मार्क गुही के फॉलो-अप को लाइन पर रोक दिया। इंग्लैंड को बराबरी से मिली राहत ज्यादा देर तक टिकी नहीं रह सकी। स्थानापन्न मिकेल ओयारजाबल ने निर्धारित समय से चार मिनट पहले स्पेन के लिए विजयी गोल दाग कर इंग्लैंड की उम्मीदों को फिर तोड़ दिया।

# अर्जेंटीना ने रिकॉर्ड 16वीं बार जीता कोपा अमेरिका कप




**मियामी।** मियामी के हार्ड रॉक स्टेडियम में टूनार्मेंट के फाइनल में कोलंबिया पर 1-0 की जीत के साथ अर्जेंटीना ने अपनी कोपा अमेरिका ट्रॉफी का सफलतापूर्वक बचाव किया। अर्जेंटीना 16 बार इस खिताब पर कब्जा जमाने में कामयाब हुआ और उसकी यह लगातार चौथी जीत है। मैच के दौरान अर्जेंटीना के कप्तान लियोनेल मेसी के टखने में चोट लगने के कारण उन्हें मैच के दूसरे हाफ में बाहर होना पड़ा। दर्द और फाइनल मैच का जुड़ाव इतना था कि मेसी जब मैदान से बाहर जा रहे थे तो उनके आंखों में आंसू थे। निर्धारित 90 मिनट तक दोनों टीमें एक भी गोल नहीं कर सकी। इसके बाद स्टॉपेज टाइम में भी मुकाबला गोल रहित रहा, लेकिन सब्स्टीट्यूट खिलाड़ी के तौर पर उतरे मार्टिनेज ने अतिरिक्त समय में गोल दाग कर टीम को बढ़त दिलाई जो अंत तक बरकरार रही। मार्टिनेज का यह टूनार्मेंट का पांचवां गोल था और वह गोल्डन बूट की दौड़ में सबसे आगे रहे। यह अर्जेंटीना की लगातार तीसरी मेजर टूनार्मेंट ट्रॉफी थी (2021 कोपा अमेरिका, 2022 फीफा विश्व कप) जिससे यह उपलब्धि हासिल करने वाली पहली दक्षिण अमेरिकी टीम बन गई। अर्जेंटीना के लिए यह एक विशेष जीत थी, उसकी टीम के दिग्गज एंजेल डि मारिया अब आधिकारिक तौर पर अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल से सेवानिवृत्त हो चुके हैं और एक यादगार विदाई मिलने से बहुत खुश हैं। मैच के बाद के भावुक डि मारिया ने कहा, मैंने इसका सपना देखा था, मैंने देखा था कि मैं इस तरह से सेवानिवृत्त होऊंगा। मेरे पास बहुत सारी खूबसूरत यादें हैं। मैं इस पीढ़ी का हमेशा आभारी रहूंगा जिसने मुझे वह हासिल कराया जिसकी मुझे इतनी चाहत थी।

लियोनेल मेसी ने एक बड़े रिकॉर्ड की ओर एक और कदम बढ़ाया, यह उनका 45वां टीम सम्मान था जिसने उन्हें फुटबॉल में सबसे दिग्गज खिलाड़ी बना दिया। विश्व चैंपियन पूरे टूनार्मेंट में हावी रहे। उन्होंने क्वार्टर फाइनल में ईक्वाडोर को हराने से पहले ग्रुप ए में शीर्ष स्थान हासिल किया। फिर, इस टीम ने सेमीफाइनल में कनाडा को हराया और फाइनल में पहुंचने से पहले 28 मैचों से अपराजित रही कोलंबियाई टीम को हराया।

# टेनिस पर अब कार्लोस अल्कराज का होगा राज?

## 21 की उम्र में अल्कराज के पिटारे में इतने खिताब

**लंदन।** विम्बल्डन की ग्रास कोर्ट पर स्पेन के कार्लोस अल्कराज अपना खिताब डिफेंड करने में कामयाब रहे। महज 21 साल की उम्र में अल्कराज के आंकड़े और उपलब्धियां देखेंगे तो टेनिस पर अल्कराज के राज का विस्तार होता साफ नजर आएगा। सिर्फ 21 की उम्र में अल्कराज के पिटारे में इतने खिताब आ गए हैं, जो बड़े-बड़े टेनिस सुपरस्टार पूरे करियर में नहीं जीत सके हैं। कोर्ट पर चीते सी फुर्ती रखने वाले कार्लोस अल्कराज ने एक बार फिर अपना दबदबा कायम किया। 21 साल के स्पेन के कार्लोस अल्कराज ने सर्बिया के दिग्गज नोवाक जोकोविच को रविवार को खेले गए विंबलडन फाइनल में मात देकर दूसरी बार खिताब जीत लिया। कोर्ट पर जिस तरीके से कार्लोस अल्कराज विरोधी खिलाड़ियों की हर चाल, हर रणनीति का तोड़ निकालते हैं, उसका जवाब दिग्गज खिलाड़ियों के पास भी नहीं होगा। लगातार दो विंबलडन फाइनल में नोवाक जोकोविच जैसे दिग्गज को मात देना अपने आप में ही उनकी काबिलियत को दशार्ता है। विंबलडन में पिछले साल फाइनल में भी नोवाक जोकोविच और कार्लोस अल्कराज आमने-सामने थे। लगभग 5 घंटे तक चले रोमांचक मुकाबले में आखिरकार



बाजी अल्कराज के हाथ लगी थी। इस बार भी अल्कराज ने पिछले विंबलडन के फाइनल का नतीजा दोहराते हुए जोकोविच को 6-2, 6-2, 7-6 से मात दी। यह अल्कराज के करियर का चौथा ग्रैंड स्लैम खिताब है। इससे पहले कार्लोस अल्कराज ने 2022 में यूएस ओपन जीता था।

पिछले साल उन्होंने विंबलडन जीता और इस साल फ्रेंच ओपन का खिताब जीता। इसके साथ ही 24 बार के ग्रैंड स्लैम विजेता नोवाक जोकोविच के लिए साल 2024 में खिताब का सूखा जारी है।

इन आंकड़ों को देखकर जाहिर है कि अल्कराज में स्टार ही नहीं, बल्कि महान खिलाड़ी के पूरे गुण हैं, जिसे देखकर क्रिकेट जगत के दिग्गज सचिन तेंदुलकर ने उनके बारे में एक बड़ा बयान दिया है।सचिन ने अल्कराज के लगातार दूसरी बार विंबलडन चैंपियन बनने के बाद इंस्टाग्राम पोस्ट शेयर करते हुए लिखा- अब से टेनिस पर एक ही राज करेगा, वो है अल्कराज।

# सच साबित हुई स्पेन को लेकर कुलदीप यादव की भविष्यवाणी, इंस्टाग्राम स्टोरी पर किया लियोनेल मेसी को 'सलाम'

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेटर कुलदीप यादव ने यूरो 2024 फाइनल में स्पेन की जीत की सटीक भविष्यवाणी की। बाएं हाथ के स्पिनर कुलदीप यादव रविवार को इंग्लैंड और स्पेन के बीच यूरो 2024 फाइनल देखने के लिए बर्लिन में थे। मैच शुरू होने से पहले, कुलदीप से विजेता का अनुमान लगाने के लिए कहा गया। इस दौरान उन्होंने दोनों टीमों की सराहना करते हुए स्पेन के लिए 2-1 से जीत की भविष्यवाणी की। सोनी स्पोर्ट्स नेटवर्क द्वारा शेयर किए गए एक वीडियो में कुलदीप को यह कहते हुए सुना गया, दोनों टीमें बहुत अच्छा खेल रही हैं। स्पेन पूरे टूनार्मेंट में काफी शानदार रहा है और अगर वो उसी तरह से खेलते हैं, तो मुझे लगता है कि वो इंग्लैंड को आसानी से हरा सकते हैं। हालांकि फाइनल




खेलना हमेशा कठिन होता है। जब कुलदीप यादव से पूछा कि वह किस टीम को यूरोपीय चैंपियन बनते देखना चाहते हैं, तो उन्होंने कहा कि, मैं स्पेन का समर्थन कर रहा हूं। मुझे लगता है कि वे इंग्लैंड को 2-1 से हराकर जीत हासिल करेंगे। कुलदीप की भविष्यवाणी बिल्कुल सटीक साबित हुई क्योंकि स्पेन ने बर्लिन में इंग्लैंड को 2-1 से हराकर अपना रिकॉर्ड चौथा यूरो खिताब हासिल किया। फाइनल मुकाबले के दौरान पहले हाफ में स्कोर 0-0 रहा। इसके बाद निको विलियम्स ने दूसरे हाफ में कुछ ही देर बाद स्पेन के लिए गोल करके खाता खोला। कोल पामर ने 73वें मिनट में इंग्लैंड के लिए बराबरी का गोल दागा। इसके बाद मिकेल ओयारजाबाल ने निर्धारित समय के चार मिनट शेष रहते हुए विजयी गोल दागकर स्पेन के लिए जीत पक्की कर दी। कुलदीप टी20 विश्व कप 2024 जीतने के बाद अपनी छुट्टियों का लुत्फ उठा रहे हैं। उन्होंने विश्व कप में 10 विकेट चटकाए थे और उनका बेस्ट प्रदर्शन सुपर-8 में बांग्लादेश के खिलाफ आया था। तब कुलदीप ने चार ओवर में 19 रन देकर 3 विकेट चटकाए थे।

# श्रीलंका में जुलाई में होगा आईसीसी का वार्षिक सम्मेलन




**कोलंबो।** श्रीलंका 19 से 22 जुलाई तक कोलंबो में अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के वार्षिक सम्मेलन की मेजबानी करने के लिए पूरी तरह तैयार है। यह पहली बार होगा जब आईसीसी का वार्षिक आयोजन एशियाई क्षेत्र में आयोजित किया जाएगा। श्रीलंका क्रिकेट ने अपने बयान में कहा कि दुनिया भर के 108 आईसीसी सदस्य देशों के 220 से अधिक प्रतिनिधि इस महत्वपूर्ण वार्षिक सम्मेलन में शामिल होंगे। इन प्रतिनिधियों में अफ्रीका, अमेरिका, एशिया, पूर्वी एशिया प्रशांत और यूरोप जैसे क्षेत्रों के प्रतिनिधि शामिल होंगे। श्रीलंका क्रिकेट बोर्ड ने कहा कि यह सम्मेलन क्रिकेट प्रशासकों और दुनिया भर के हितधारकों का एक शिखर सम्मेलन है। आईसीसी का वार्षिक सम्मेलन खेल की रणनीतिक दिशा, प्रशासन और दुनिया भर में क्रिकेट के विकास पर चर्चा के लिए मंच प्रदान करता है।

उन्होंने यह भी बताया कि आगामी सम्मेलन की थीम 'ओलंपिक अवसर को भुनाना' होगा, जहां 'विविधता और समावेश', 'पर्यावरणीय स्थिरता और खेल' और 'लॉस एंजिल्स 2028 में क्रिकेट की वापसी' जैसे विषयों पर चर्चा की जाएगी।

वार्षिक सम्मेलन में कई महत्वपूर्ण बैठक, कार्यशालाएं और नेटवर्किंग सत्र शामिल होंगे, और खेल के भविष्य के लाभ के लिए महत्वपूर्ण निर्णय लिए जाएंगे। कुछ महत्वपूर्ण पहलुओं पर ध्यान दिया जाएगा, जैसे कि आईसीसी बोर्ड में तीन नए एसोसिएट सदस्य निदेशक कौन होंगे, साथ ही आईसीसी अध्यक्ष के कार्यकाल में कोई भी संशोधन किया जाएगा या नहीं, यह पद वर्तमान में ग्रेग बार्कले के पास है। हालांकि, सबसे बड़ी चर्चा का विषय 2024 के पुरुष टी20 विश्व कप के आयोजन, खासकर टूनार्मेंट के यूएसए चरण के खर्च पर चर्चा होगी। आईसीसी ने लॉन्ग आइलैंड के नासाउ काउंटी में एक पॉप-अप क्रिकेट स्टेडियम बनाया था, जहां पिच और आउटफील्ड पूरी तरह तैयार नहीं थी, और इन परिस्थितियों में गेंदबाजी बल्लेबाजी पर हावी रही थी।

## वॉर्नर की उम्मीदों को झटका

# चैंपियंस ट्रॉफी के लिए चयन मुश्किल



**नई दिल्ली।** चैंपियंस ट्रॉफी का आयोजन अगले साल फरवरी-मार्च के बीच होगा। इस टूनार्मेंट में ऑस्ट्रेलिया के स्टार बल्लेबाज डेविड वॉर्नर का खेलना मुश्किल माना जा रहा है। दरअसल, टी20 विश्व कप के बाद वॉर्नर ने टी20 अंतरराष्ट्रीय से संन्यास की घोषणा कर दी थी। हालांकि, कुछ दिनों बाद उन्होंने इच्छा जताई थी कि अगर चैंपियंस ट्रॉफी के लिए चयनकर्ता उन्हें टीम में चुनते हैं तो वह वापसी कर सकते हैं। हालांकि, अब ऑस्ट्रेलियाई टीम के चयनकर्ता जॉर्ज बेली ने साफ किया है कि वॉर्नर को हटाने की योजना बनाई जा रही है।

**बेली का चौंकाने वाला बयान**

चैंपियंस ट्रॉफी से पहले जॉर्ज बेली ने कहा, हमारी समझ यह है कि डेविड रिटायर हो चुके हैं और तीनों प्रारूपों में उनके अविश्वसनीय करियर के लिए उनकी सराहना की जानी चाहिए। निश्चित रूप से, हमारी योजना यह है कि वह पाकिस्तान में नहीं होंगे।

### वॉर्नर का करियर

वॉर्नर की पहचान आक्रमक बल्लेबाज के तौर पर रही है। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के लिए 110 टी20 मैचों में 3277 रन बनाए हैं जिसमे एक शतक और 28 अर्धशतक शामिल हैं। वॉर्नर ने 2019 में पाकिस्तान के खिलाफ टी20 में शतक जड़ा था और वह तीनों प्रारूप में शतक लगाने वाले ऑस्ट्रेलिया के तीसरे खिलाड़ी बने थे। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के अलावा वॉर्नर दुनिया भर की टी20 लीग में खेलते हैं जिसमे आईपीएल भी शामिल है। 2021 में वह ऐसे चौथे बल्लेबाज बने थे जिन्होंने टी20 में 10000 रन बनाए हैं।

### युवाओं को मिलेगा मौका

ऑस्ट्रेलिया की टीम अपने आगामी ब्रिटेन दौरे के दौरान युवा टीम उतारेगी, जिसमें स्कॉटलैंड और इंग्लैंड के खिलाफ सीमित ओवरों की सीरीज शामिल हैं। मैथ्यू वेड, मिचेल स्टार्क और ग्लेन मैक्सवेल जैसे खिलाड़ियों के न होने के कारण, बेली ने कहा कि टी20 विश्व कप 2026को देखते हुए टीम में और युवाओं को मौका मिल सकता है।

# पेरिस ओलंपिक में तीसरे वरीय सात्विक-चिराग को ग्रुप 'सी' में मिला आसान ड्रा

**नई दिल्ली।** भारतीय स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी को 26 जुलाई से शुरू हो रहे पेरिस ओलंपिक के लिए ग्रुप सी में एक आसान ड्रॉ मिला है। उनका मुकाबला इंडोनेशिया की विश्व नंबर 6 जोड़ी फजर अल्फियन और मुहम्मद रियान अरियांतो से होगा। भारतीय जोड़ी टूनार्मेंट में तीसरे वरीय युगल जोड़ी के तौर पर प्रवेश करेगी उनका लक्ष्य पुरुष डबल्स इवेंट में स्वर्ण पदक है। 23 वर्षीय सात्विक और 27 वर्षीय चिराग उल्लेखनीय प्रदर्शन कर रहे हैं। उन्होंने अल्फियन और मुहम्मद रियान अरियांतो की इंडोनेशिया जोड़ी का सामना पांच



बार किया है जिसमें वे तीन बार जीतने में सफल रहे हैं और दो बार हार मिली है। पिछली बार ये दोनों जोड़ी कोरिया ओपन 2023 में एक दूसरे के खिलाफ खेली थी, जहां भारत के हाथ जीत लगी थी। इंडोनेशियाई जोड़ी के अलावा, सात्विक और चिराग का सामना विश्व नंबर 31 जर्मन टीम मार्क लम्सफस और मार्विन सीडेल के साथ-साथ विश्व नंबर 43 फ्रांसीसी जोड़ी लुकास कोरवी और रोनान लाबार से भी होगा। भारतीय जोड़ी ने इनके खिलाफ भी अजेय प्रदर्शन किया है। भारतीय जोड़ी की तैयारी शानदार रही है, जिसमें 2023 एशिया चैंपियनशिप, फ्रेंच ओपन सुपर 750 और थाईलैंड ओपन सुपर 500 में महत्वपूर्ण जीत शामिल हैं। इसके अलावा यह जोड़ी साल 2024 में दो और फाइनल में पहुंची थी। उन्होंने 2022 में थॉमस कप और राष्ट्रमंडल खेलों में स्वर्ण पदक हासिल किया है। यह पूर्व विश्व नंबर 1 जोड़ी ओलंपिक स्वर्ण पदक के लिए शीर्ष दावेदारों में से एक है। ग्रुप मैचों के बाद, टॉप की दो जोड़ी नॉकआउट चरण में प्रवेश करेंगी।

# झारखंड में सरयू के आसरे 'नए मोर्चे' से सत्ता साधेगी जेडीयू !

**रांची।** झारखंड में अगले तीन-चार महीनों में संभावित विधानसभा चुनाव के ठीक पहले एक नए सियासी मोर्चे के गठन की कवायद शुरू हुई है। खास बात यह है कि इस मोर्चे की अगुवाई बिहार के सीएम नीतीश कुमार की पार्टी जदयू कर सकती है। नीतीश कुमार झारखंड में अपनी पार्टी की खोई हुई जमीन फिर से हासिल करना चाहते हैं और इसके लिए वह कुछ छोटी पार्टियों और सियासी समूहों को अपने साथ ला सकते हैं। वर्ष 2019 के विधानसभा चुनाव में झारखंड के तत्कालीन सीएम रघुवर दास को जमशेदपुर पूर्व सीट पर हराने वाले दिग्गज नेता सरयू राय 'भारतीय जन मोर्चा' नामक पार्टी चलाते हैं। रविवार को पटना में नीतीश कुमार और सरयू राय ने झारखंड में सियासी संभावनाओं पर मंथन किया। बैठक के बाद सरयू राय ने कहा कि नीतीश कुमार की पार्टी जदयू झारखंड में एनडीए फोल्डर से अलग है। उन्होंने भारतीय जन मोर्चा के साथ मिलकर विधानसभा चुनाव लड़ने पर सहमति जताई है। सरयू राय ने कहा, "कोशिश हो रही है कि झारखंड में एनडीए और इंडिया गठबंधन से अलग तीसरा मोर्चा गठित हो। इसका उद्देश्य झारखंड में दोनों गठबंधनों से निराश जनता के बीच एक नया राजनीतिक विकल्प पेश करना है। इसके तहत कई अन्य नेताओं और राजनीतिक संगठनों को साथ लाने पर चर्चा चल रही है।" दरअसल, नीतीश कुमार की पार्टी का बीते एक-डेढ़ दशक में झारखंड में जनाधार लगातार घटता चला गया। वर्ष 2000 में जब झारखंड अलग राज्य बना था, तब नीतीश कुमार समता पार्टी के सुप्रीमो थे। यहां उनकी पार्टी के पांच विधायक थे। साल 2003 में नीतीश कुमार ने समता पार्टी की जगह जनता दल यूनाइटेड बनाई। इसके बाद 2005 में झारखंड में हुए विधानसभा चुनाव में भाजपा और जदयू का गठबंधन हुआ। भाजपा ने राज्य की 63 और जदयू ने 18 सीटों पर चुनाव लड़ा। जदयू ने छह सीटें जीतीं। 2009 का विधानसभा चुनाव भी भाजपा और जदयू ने साथ मिलकर लड़ा, लेकिन 2014 के चुनाव में दोनों पार्टियों की दोस्ती टूट गई। इसके बाद से झारखंड में जदयू की जमीन खिसकती चली गई। अब जदयू एक बार फिर से पुरानी



जमीन हासिल करना चाहती है। पार्टी की नजर झारखंड में कुर्मी-कोयरी वोटरों पर है। बिहार में इस वोट बैंक पर जदयू की पकड़ मानी जाती है। उसकी कोशिश है झारखंड में उन क्षेत्रों में फोकस रखा जाए, जहां इन दोनों जातियों की खासी आबादी है। दो दिन पहले रांची में जदयू की प्रदेश कार्यसमिति की बैठक हुई, जिसमें विधानसभा चुनाव की रणनीति पर चर्चा हुई। बताया जाता है कि पार्टी 10 से 12 सीटों पर चुनाव लड़ना चाहती है। जदयू के प्रदेश अध्यक्ष और राज्यसभा सांसद खीरू महतो ने कहा कि हमने चुनाव लड़ने के लिए राज्य में सीटें चिन्हित कर ली है।

# जमशेदपुर में नदी किनारे 170 घरों को तोड़ने का नोटिस, डीसी ऑफिस के बाहर प्रदर्शन

**जमशेदपुर।** झारखंड के जमशेदपुर में नदी के किनारे 170 घरों को तोड़ने का नोटिस जारी किया गया है। इसको लेकर लोगों ने डीएम ऑफिस के बाहर विरोध प्रदर्शन किया। सर्किल ऑफिसर द्वारा लोगों के घरों को तोड़ने का नोटिस जारी किया गया है। इसके खिलाफ लोगों ने डीसी ऑफिस के बाहर प्रदर्शन किया। उनके साथ आम आदमी पार्टी के जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष अभिषेक कुमार भी थे। उन्होंने सरकार से नोटिस वापस लेने की मांग की और चेताया कि अगर ऐसा नहीं हुआ तो हम सड़कों पर उग्र प्रदर्शन के लिए बाध्य होंगे। अभिषेक कुमार ने कहा कि, नदी के किनारे बसे देव नगर, लाल भट्टा, छाया नगर और इंदिरा नगर में 170 घरों को तोड़ने का नोटिस आया है। इस नोटिस के खिलाफ हम लोग डीसी ऑफिस में आए हैं। इसमें से एक भी घर टूटना नहीं चाहिए। हम सरकार को बताना चाहते हैं कि अगर हमारी मांग नहीं मानी गई, तो हम सड़कों पर उतरेंगे और उग्र प्रदर्शन करेंगे। उन्होंने कहा कि, वर्तमान समय में देश की जनता गरीबी, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार और महंगाई से जूझ रही है। इसके बावजूद एक-एक पैसा बचाकर लोग घर बनाते हैं, एक घर बनाना लोगों का सपना होता है, लेकिन अब सरकार द्वारा इसको तोड़ा जा रहा है। सरकार इंदिरा आवास जैसी कई योजनाएं चला रही है, जिसका मकसद लोगों को घर देना है।



दूसरी तरफ लोगों के बनाए घरों को तोड़ा जा रहा है, जिसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। आप नेता ने बताया कि, सर्किल ऑफिस द्वारा नोटिस जारी किया है, इसमें कहा गया है कि 20 जुलाई तक लोग अपने घरों को खाली कर दें, नहीं तो सख्त कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन द्वारा नदी के किनारे से 100 मीटर के रेंज में सभी घरों को खाली कराने का निर्देश दिया गया है।

# कांग्रेस प्रवक्ता डॉली शर्मा से मिले वेव सिटी प्रोजेक्ट से पीड़ित किसान



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** सोमवार को कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता और गाजियाबाद की पूर्व लोकसभा प्रत्याशी डॉली शर्मा से बम्हैटा और उसके आसपास के पीड़ित किसान मिले और वेब सिटी के लिए अपनी जमीन जबरिया लिए जाने की कहानी सुनाई। किसानों ने डॉली शर्मा को एक दस्तावेज सौंपते हुए कहा कि स्थानीय प्रशासन बिल्डर लॉबी से मिला हुआ है और तरह तरह से उत्पीड़न कर रहा है। लोगों ने बताया कि न्यायालय ने हमारे पक्ष को सुना, समुचित दिशा निर्देश दिए, लेकिन प्रशासन उस पर अमल नहीं कर रहा है। स्थानीय रजिस्ट्री ऑफिस में लीज की जमीन को जिस तरह से फ्री होल्ड की तरह बेचा जा रहा है, वह अपने आप में एक बड़ा घोटाला है जो समय के साथ प्रकाश में आएगा। इस पर डॉली शर्मा ने उन्हें आश्वासन दिया कि आपकी मांगों को उचित माध्यम से प्रशासन तक पहुंचाया जायेगा और आवश्यकता पड़ी तो इस मुद्दे पर जनांदोलन भी छेड़ा जाएगा। इस मौके पर अमित यादव, कपिल यादव, सौरभ शांडिल्य, केशव त्यागी, महेश, जीत राम, मन्नत त्यागी आदि मौजूद रहे।

## स्थानीय निकाय सफाई मजदूर संघ एवं सहयोगी संगठन ने नगर आयुक्त से की मुलाकात

# बाहरी व्यक्तियों ने निगम और शहर का माहौल खराब किया तो होगी कानूनी कार्रवाई: नगर आयुक्त

- क्रॉसर-सफाई कर्मचारियों के हित में निगम खोलेगा स्वीपर वेलफेयर एसोसिएशन अकाउंट



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** सोमवार को नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक से रजिस्टर्ड स्थानीय निकाय सफाई मजदूर संघ एवं सहयोगी संगठनों ने मुलाकात कर बाहरी व्यक्तियों द्वारा नगर निगम मुख्यालय पर धरना देने की शिकायत की। संघ ने नगर आयुक्त से ऐसे संगठन जो रजिस्टर्ड नहीं हैं तथा बाहरी व्यक्ति उसमें शामिल हैं उनके विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की मांग की। इस अवसर पर स्थानीय निकाय सफाई मजदूर संघ के अध्यक्ष शक्ति, उत्तर प्रदेश सफाई कर्मचारी संघ के अध्यक्ष राहुल चौहान व अन्य सहयोगी संगठन के पदाधिकारी मौजूद रहे। नगर आयुक्त ने संबंधित अधिकारियों को कड़े निर्देश दिये कि यदि निगम परिसर तथा मुख्यालय पर बिना किसी अनुमति धरना किया जाता है तो उसके विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की जाये। नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर मिथिलेश तथा अपर नगर आयुक्त अवनींद्र कुमार को निर्देश दिए और बताया गया कि स्वीपर वेलफेयर एसोसिएशन अकाउंट जल्द ही खोला जाए। स्वीपर वेलफेयर एसोसिएशन अकाउंट से सफाई कर्मचारी को अचानक बीमारी में भी लाभ मिलेगा तथा उसके परिवारजन को भी अन्य प्रकार की सुविधाएं दी जाएंगी।




## उनकी जुबान गाजियाबाद में कुछ और है लखनऊ में कुछ और

कहावत तो सुनी है कि अपना काम बनता और जनता का क्या हैं लेकिन यहां तो अपने काम के चक्कर में अपनों ने अपनों से गेम कर दिया। किस्सा जनता का नही बल्कि जनता के प्रतिनिधियों का है और बताने वाले बता रहे हैं कि सरकार वालों के प्यार में दरार आ गई है। यहां एकता का बिगुल बजता है लेकिन वहां सुर एकदम धीमें हो जाते हैं। जो यहां पॉवर सेंटर हैं उनकी जुबान गाजियाबाद में कुछ और होती हैं और लखनऊ जाकर कुछ और हो जाती है। क्रांति वाले चाहते हैं कि यलगार हो और शांति वालों के विचार ये हैं कि महाराज तुमने अपनी तो लुटिया डुबो ही ली अब हमारी तो नैया पार होने दो। इसलिये सरकारी कृपा से लबरेज वालों ने लखनऊ में महाराज के सामने जुबान खोलने से परहेज ही रखा है। वो बाबा के खिलाफ जाकर अपनी चलती दुकान बंद कराने के मूड में नही है। अफसर लॉबी ने चाबी ऐसी घुमाई है कि पूरा टोला ही घूम गया है

## किस पूर्व दर्जा प्राप्त राज्यमंत्री ने क्यों दे दी दलितों को गाली

वो कभी बहनजी वाली सरकार में दर्जा प्राप्त राज्यमंत्री रहे थे और मिटटी वाले महकमें से जुड़े थे फिर ये हुया कि बाद में उनकी सियासत ही मिटटी में मिल गई। इन दिनों गुमनामी में चल रहे हैं लेकिन काम फिर बदनामी का उनसे हो गया है। स्वीमिंग पूल के पास खड़े होकर उनकी जुबान से दलित समाज के लिये आब्जेक्शन वाले शब्द निकल गये। बनाने वाले ने वीडियो बनाई और पूल के पास कहे गये शब्दों ने तूल पकड़ लिया। समाज के लोगों ने वीडियो के आधार पर पुलिस में शिकायत दर्ज करा दी। अब पिछड़े समाज से लेकर दलित वर्ग से आवाज ये ही आ रही है कि दलितों की बदौलत तुम्हे सियासत में मुकाम मिला और इन्ही से शिकायत और इसी समाज को गाली दे रहे हो।

## दिल्ली और बुलंदशहर वालों के भी तो बनती है यहां दावेदारी

चुनाव शहर में होना है और हल्ला पूरे जिले में मच रहा है। शहर वाले अब जिले वाले हो गये हैं और जिले वाले अब शहर वाले होना चाहते हैं। ऐसा हो रहा है कि इस विधानसभा वाले उस विधानसभा में विधायक बनना चाहते हैं। लाइन पार वाले कह रहे हैं कि सीट हमारी और बेस हमारा। नदिया पार वाले कह रहे हैं कि हम लड़ेगें चुनाव और जीतेंगे। कहने वाले ने कहा कि कोई कहीं से भी लड़ सकता है। उन्होंने कहा कि शहर वाले ही कौन सा यहां के निवासी थे। वो भी तो मुरादनगर विधानसभा में रहते थे और विधायक यहां के थे। दूसरे ने कहा कि ये कौन सी नई बात है और साहिबाबाद वालों का तो घर ही मुरादनगर विधानसभा में आज भी है। इसे सुनते ही लाइन पार वाले का चेहरा तमतमा गया। उसने कहा कि फिर एक काम कर लो कि मेरठ और बुलंदशहर वालों को भी बुला लो। वो भी टिकट मांग लेंगे। रही सही कसर नोएडा वाले पूरी कर लेंगे। उपचुनाव ना हुआ तमाशा हो गया। जिसे देखो वो ही चुनाव लड़ेगा।

# ट्रेन की चपेट में आकर तीन लोगों की मौत



**नोएडा।** नोएडा में अगल-अलग जगहों पर ट्रेन की चपेट में आकर तीन लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने तीनों के शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया है। पुलिस ने कपड़ों से मिले दस्तावेजों से दो मृतकों की पहचान की है।

### एक शव की नहीं हुई शिनाख्त

थाना बादलपुर क्षेत्र में रविवार रात बिसरख मोड़ के पास 35 वर्षीय रूबल सिराज ट्रेन की चपेट में आ गए। इस घटना में उनकी मौत हो गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस की सूचना पर मृतक के परिजन भी मौके पर पहुंच गए। थाना दादरी क्षेत्र में एक अज्ञात व्यक्ति ट्रेन की चपेट में आ गया। इस घटना में उसकी मौत हो गई है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस शव की शिनाख्त कराने का प्रयास कर रही है।

### ड्यूटी से घर लौट रहे थे सुनील

थाना बिसरख रविवार को चिपियाना बुजुर्ग के पास ट्रेन की चपेट में आने के बाद एक व्यक्ति की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लिया। पुलिस जांच में शव की शिनाख्त 50 वर्षीय सुनील शर्मा निवासी वंदना एन्कलेव खोड़ा कॉलोनी गाजियाबाद के रूप में हुई है। वह घटना के समय ड्यूटी से घर लौट रहे थे। फिलहाल पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# रिपोर्ट के बाद भी पुलिस नहीं कर रही कार्रवाई, सीएम को लिखा पत्र

**मोदीनगर, करंट क्राइम।** पुलिस द्वारा आरोपियों की गिरफ्तारी ना किये जाने व सही धाराओं में मुकदमा दर्ज ना किये जाने से क्षुब्ध एक युवक ने मुख्यमंत्री से मामले की शिकायत की है।

गांव याकूतपुर मवी निवासी मधुर भारद्वाज ने सीएम को लिखे पत्र में आरोप लगाया है कि 5 जुलाई को गांव के तीन युवकों ने मधुर के भाई के साथ जमकर मारपीट की और विरोध करने पर धारदार हथियार से हमला कर बुरी तरह घायल कर दिया था। इस मामले में तीन युवकों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की गई लेकिन अभी तक कोई गिरफ्तारी ना किये जाने से क्षुब्ध मधुर ने मुख्यमंत्री को पत्र लिख गंभीर धाराओं में गिरफ्तारी किये जाने की गुहार लगाई है।

# अनियंत्रित बस ने बाइक सवार दो युवकों को कुचला, हालत गंभीर



**मोदीनगर, करंट क्राइम।** अनियंत्रित रोडवेज बस ने बाइक सवार दो युवकों को कुचल दिया। गंभीर हालत में दोनों को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने बस को कब्जे में लेकर रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

बिहार के जिला पूर्णिया के थाना रुपौली के गांव लखनोर निवासी अमरजीत सिंह और बद्री कुमार मोदीनगर की चूना भट्टी कॉलोनी में किराए पर रहते हैं। वह मजदूरी करके परिवार का लालन पालन करते हैं। दोपहर बारह बजे अमरजीत और बद्रीकुमार बाइक से दिल्ली-मेरठ मार्ग पर मुरादनगर से मोदीनगर की तरफ आ रहे थे। जब वह दिल्ली.मेरठ मार्ग पर गांव सीकरीकलां से आगे सुमन सिनेमा के सामने पहुंचे, तो पीछे से आ रही तेज रफ्तार रोडवेज बस ने ओवरटेक करने के चक्कर में बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी, कि दोनों युवक काफी दूर जा गिरे। बाइक भी पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों को स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया। हालत गंभीर होने के चलते दोनों को हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया गया है।

# दो बच्चों के बीच 40 रुपये को लेकर हुआ विवाद



**हापुड।** गढ़मुक्तेश्वर कोतवाली क्षेत्र में एक किशोर की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत होने से हड़कंप मच गया। किशोर की मौत के बाद परिजनों ने हत्या का आरोप लगाया है। बताया गया कि दो किशोरों के बीच मात्र 40 रुपये को लेकर विवाद चल रहा था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। मिली जानकारी के अनुसार सरूरपुर निवासी महरे आलम का 13 साल का बेटा आकिब गांव में ही खेल रहा था। इसी बीच आकिब ने अपने दोस्त से गेंद खरीदने के लिए उधार में दिए गए 40 रुपये वापस मांग लिए थे, इस दौरान दोनों में कहासुनी हो गई। तभी आकिब ने अपने साथी का मोबाइल छीन लिया और भाग गया। इसके बाद आकिब का शव मिलने से इलाके में हड़कंप मच गया। मौके पर पहुंचे परिजन ने तुरंत गांव के एक निजी डॉक्टर के यहां पर भर्ती कराया। जहां से गंभीर हालत देखते हुए हापुड़ के लिए रेफर कर दिया गया, जहां डॉक्टरों किशोर को मृत घोषित कर दिया। इसकी सूचना मिलने से परिजन में कोहराम मच गया और गांव में शोक की लहर दौड़ गई। गढ़ प्रभारी निरीक्षक मुनीष प्रताप सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि दो लड़कों के बीच 40 रुपये का लेन देन था।

# डिजिटल गैंग का पदार्फाश 6 गिरफ्तार

## फोन से मिली अब तक 80 बैंक खातों की जानकारी



**नोएडा।** नोएडा में साइबर क्राइम थाना पुलिस ने डिजिटल गैंग का पदार्फाश करते हुए 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया था। पुलिस पूछताछ करने पर आरोपियों ने चौंका देने वाला खुलासा किया है। आरोपियों ने पुलिस को बताया कि उन्होंने 10 राज्यों के 80 बैंक खातों में ठगी का पैसा पीड़ितों से ट्रांसफर कराया है। पुलिस टीम पर अब इस खातों को खंगालेगी। इस मामले में पुलिस की कई टीमें जांच कर रही है। एक टीम इस गैंग के असली संचालकों को तलाश कर रही है। जबकि दूसरी टीमें अब दस राज्यों में जाकर 80 बैंक खातों से जुड़ी जानकारी जुटाएगी।

**मेल कर खातों के संबंध में पूरा डाटा मांगा**

साइबर क्राइम एसीपी विवेकानंद राय ने बताया कि इस गैंग के गिरफ्तार छह सदस्यों से पूछताछ और उनके मोबाइल फोन में मिली जानकारी से अब तक 80 बैंक खातों की जानकारी मिली है। इन बैंक खातों का इस्तेमाल 73 अपराधों में किए जाने के साक्ष्य अब तक मिले हैं। ये बैंक खाते तमिलनाडु, तेलंगाना, ओडिशा, कर्नाटक, केरल, बिहार, राजस्थान, छत्तीसगढ़, झारखंड आदि के हैं। बैंक अधिकारियों को मेल कर खातों के संबंध में पूरा डाटा मांगा गया है। साथ ही साइबर क्राइम थाने की एक अलग टीम भी बनाई गई है, जो इन बैंक खातों की पूरी जांच करेगी। इसके लिए वह इन राज्यों में जाएगी। इसके बाद इस मामले में अन्य अहम खुलासे भी किए जाएंगे।

**अधिकांश बैंक खाते किराए पर लिए**

पुलिस का मानना है कि ठगी में इस्तेमाल किए गए अधिकांश बैंक खाते किराए के रहे होंगे। इसमें किए गए लेनदेन का पांच से दस फीसदी हिस्सा खाताधारक को मिलता। इसके अलावा यह भी पता चला है कि घटना में कुछ चालू बैंक खातों का भी इस्तेमाल किया गया। सोमवार को साइबर क्राइम थाना पुलिस ने संबंधित बैंक के अधिकारियों से बात कर इन खातों के संबंध में पूरी जानकारी मांगी है।

**क्या होती है डिजिटल अरेस्टिंग?**

डिजिटल अरेस्टिंग में पुलिस किसी को जेल नहीं भेजती। डिजिटल गिरफ्तारी में पीड़ित को जालसाज द्वारा फोन कर बताया जाता है कि उसका नाम ड्रग तस्करी, मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में आया है। उसे घर से बाहर जाने की अनुमति नहीं होती। वह लगातार डिजिटल रूप से उनसे यानी जालसाजों से जुड़ा रहेगा। वह अपने किसी परिजन या मित्र व परिचित को इस बारे में नहीं बता सकता। मामले को निपटाने के लिए पीड़ित से पैसों की मांग की जाती है। इस दौरान जालसाज फर्जी अधिकारी बनकर वीडियो कॉलिंग के जरिए बात करते रहते हैं। डर के कारण पीड़ित साइबर अपराधियों के झांसे में आ जाता है और उन्हें पैसे भेज देता है। पुलिस डिजिटल अरेस्टिंग नहीं करती

**पुलिस नहीं करती डिजिटल अरेस्ट**

साइबर सेल के एसीपी विवेक रंजन राय का कहना है कि किसी भी राज्य या केंद्रीय जांच एजेंसियों की पुलिस कभी भी डिजिटल अरेस्ट नहीं करती। जब भी कोई व्यक्ति खुद को पुलिस अधिकारी बताकर बात करता है और कार्रवाई से बचने के लिए खाते में पैसे मांगता है तो समझ लें कि वह साइबर अपराधी है। पैसे ट्रांसफर करने से पहले परिवार के किसी सदस्य, दोस्त या नजदीकी थाने के अधिकारी से संपर्क करें।

# केएन मोदी इंस्टीट्यूट के 10 छात्रों का चयन टीसीएस में हुआ



**मोदीनगर, करंट क्राइम।** डॉ0 केएन मोदी फाउंडेशन में टीसीएस कंपनी के लिए फूल फूल केंपस ड्राइव का आयोजन किया गया। इस ड्राइव में प्रतिष्ठित शिक्षक संस्थाओं के 500 से ज्यादा छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया।

डॉ0 केएन मोदी इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एण्ड टेक्नोलॉजी के भी 10 छात्रों का चयन टीसीएस में अच्छे पैकेज पर हुआ है। डॉ0 केएन मोदी इंस्टीट्यूट आफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी मोदीनगर में एक प्रमुख शिक्षक संस्थान है, जो अपने छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और रोजगार कौशल प्रदान करने के लिए प्रसिद्ध व प्रतिबद्ध है। संस्थान के कार्यकारी निदेशक डॉ0 दीपंकर शर्मा ने बताया कि यह हमारे छात्र संकाय और प्लेसमेंट टीम की कड़ी मेहनत का और समर्पण का परिणाम है। उन्होंने कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए शिक्षकों और छात्रों को शुभकामनाएं दीं व चयनित छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना की।




## जिन थानों में अधिकारियों ने की थी सफाई वहां है अब गंदगी

पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद में कुछ समय पहले कुछ अधिकारियों ने थानों और अपने कार्यालयों में साफ सफाई वाला अभियान चलाया था। बकायदा एक के बाद एक आईपीएस अधिकारियों से लेकर उनके अधीनस्थों के सोशल मीडिया पर जमकर फोटो भी डाले थे। वहीं पुलिस कमिश्नरेट वाले सिस्टम में बीते कुछ महीनों से देखने में आ रहा है कि कमिश्नरेट के अधिकांश थानों के परिसर में गंदगी, कूड़े और झाड़ियों का अंबार है। वही सिटी जोन के एक जंगल वाले इलाके के थाने की हवालात में कोबरा सांप निकालने के बावजूद भी साफ-सफाई को लेकर कहीं पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। वैसे भी इन दिनों बारिश और उमस वाला मौसम चल रहा है। उसके बावजूद भी साफ-सफाई को लेकर कहीं पर चिंता नहीं दिखाई जा रही है। कई थानों में तो इन दिनों मच्छरों का भी आतंक है, तो वहीं नदियापार का हाल भी ऐसा ही बताया जा रहा है। उधर साफ-सफाई के मामले में देहात जोन के अंतर्गत आने वाले थानों की स्थिति भी ज्यादा ठीक नहीं बताई गई है। इसी के साथ पुलिस कमिश्नरेट वाले सिस्टम में शुरू किए गए पिंक बूथ के पर्दे भी पिंक से रंग



बदलकर गंदे हो चुके हैं। वैसे यहां पर इस और कोई ध्यान देने वाला नहीं है। पहले विभाग में स्वच्छता को लेकर विशेष अभियान और जिम्मेदारी देखने को मिलती थी लेकिन अब इसका अभाव है। पुलिस कमियनरेट वाले सिस्टम में जहां बड़ी संख्या में आईपीएस अधिकारियों की तैनाती होने के बावजूद भी सिस्टम का हाल निचले स्तर पर वैसा ही चल रहा है। तो कमिश्नरेट में सिटी जोन के कई थानों में तो इतनी हरियाली हो चुकी है कि वह थाना कम ग्रीन कॉरिडोर ज्यादा नजर आ रहे हैं। वही वॉशरूम की गंदगी को लेकर भी कई तरीके की बातें सुनने में आ रही हैं। कुल मिलाकर पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम के जिन थानों में अधिकारियों, मंत्री और विधायकों ने खाकी वालों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर फोटो सेशन करवाया था, वहां का हाल भी इन दिनों बहाल और बदला हुआ नजर आ रहा है। अब पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद में देखना होगा कि अधिकारी इस ओर कब ध्यान देते हैं। कब साफ-सफाई को लेकर उनका ध्यान जाता है और इस पर कदम उठाया जाता है। कुल मिलाकर पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम में मीडिया सेल और कुछ अधिकारियों का रवैया बेहद सुस्त बताया जा रहा है।

# स्विमिंग पूल में नहाने गए 18 वर्षीय युवक की मौत



**नोएड़ा।** ईकोटेक-1 क्षेत्र के पुवारी गांव में बने एक स्विमिंग पूल में नहाने गए 18 वर्षीय युवक की डूबने से मौत हो गई है। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस मामले की जांच कर रही है। थाना ईकोटेक-1 के प्रभारी अनुज कुमार ने बताया कि पुवारी गांव में एक स्विमिंग पूल बना हुआ है। रविवार को आनंद भारती (18 वर्ष) नामक युवक वहां नहाने गया था। स्विमिंग पूल में नहाते समय आनंद भारती डूब गया, जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है।

प्रारंभिक जांच में पुलिस को पता चला है कि आनंद भारती ने स्विमिंग पूल में जाने से पहले शराब पी रखी थी। प्रभारी अनुज कुमार ने बताया कि यह बात सामने आई है कि युवक शराब के नशे में था, जिसके कारण वह स्विमिंग पूल में अपना संतुलन नहीं बना सका और डूब गया। पुलिस घटना के अन्य पहलुओं की भी जांच कर रही है और यह सुनिश्चित करने की कोशिश कर रही है कि इस तरह की घटनाएं भविष्य में ना हों। पुलिस कर रही मामले की जांच इस दुखद घटना ने क्षेत्र में गहरा शोक व्याप्त कर दिया है। स्थानीय निवासियों ने स्विमिंग पूल की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठाए हैं और प्रशासन से इस तरह की घटनाओं को रोकने के लिए सख्त कदम उठाने की मांग की है। पुलिस ने कहा है कि वे इस मामले में पूरी पारदर्शिता और निष्पक्षता के साथ जांच करेंगे और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करेंगे। घटना की विस्तृत जांच जारी है और पुलिस जल्द ही अपने निष्कर्षों को सार्वजनिक करेगी।

# बार एसोसिएशन तहसील मोदीनगर के उत्तम कुमार बने अध्यक्ष



**मोदीनगर,, करंट क्राइम।** बार एसोसिएशन तहसील मोदीनगर के अध्यक्ष पद पर उत्तम कुमार व सचिव पद पर सौरभ मुद्गल निर्वाचित हुए हैं। बार एसोसिएशन तहसील मोदीनगर के वार्षिक चुनाव शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन हो गया। अध्यक्ष पद पर उत्तम कुमार एडवोकेट ने 34 मत प्राप्त कर दो मतों से जगबीर सिंह एडवोकेट को हराया। वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर जगपाल सैनी एडवोकेट निर्वाचित हुए उन्होंने 16 मतों से जयकिशन एडवोकेट को हराकर विजय हासिल की। सचिव पद पर सौरभ मुद्गल एडवोकेट निर्वाचित हुए उन्होंने 40 मत प्राप्त कर 14 मतों से जसवीर सिंह एडवोकेट को हराकर जीत हासिल की। कनिष्ठ उपाध्यक्ष पद अयागुद्दीन एडवोकेट, सहसचिव पद पर सचिन शर्मा एडवोकेट, सा० सचिव पद पर सृष्टि जैन एडवोकेट, कोषाध्यक्ष पद पर कुलदीप बंसल एडवोकेट, मीडिया प्रभारी पद पर संजीव चिकारा एडवोकेट, ऑडिटर पद पर विनोद पाल एडवोकेट निर्विरोध निर्वाचित हुए। इसके अलावा कार्यकारिणी सदस्य पद पर अजित एडवोकेट, राजकुमार चौधरी एडवोकेट, धीरज कुमार कौशिक एडवोकेट, विकान्त चौधरी एडवोकेट, निशान्त त्यागी एडवोकेट निर्विरोध चुने गए। चुनाव समिति के सदस्यों में अनिल चौधरी, रामकुमार चौधरी, ओम त्यागी, तेजवीर सिंह और राजकुमार त्यागी ने जानकारी देते हुए बताया कि चुनाव शान्तिपूर्ण तरीके से संपन्न हुआ। शीघ्र ही शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया जायेगा। विजयी प्रत्याशियों को उनके शुभचिंतकों ने बधाई दी।

# ट्रंप पर हमला: राष्ट्रपति जो बाइडन ने सुरक्षा की स्वतंत्र समीक्षा का आदेश दिया

## ट्रंप की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए लगातार काम कर रहा हूं : बाइडन

**वाशिंगटन।** पेन्सिलवेनिया में पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर जानलेवा हमले के मामले में अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने कहा, ट्रंप पर हमले की जांच 'पूरी तरह से और तेजी से' करने का निर्देश दिया गया है। उन्होंने गोलीबारी कांड के बाद अमेरिकी जनता से अपील की है कि गोली चलाने का मकसद क्या रहा होगा? इसके बारे में 'अनुमान या अटकलें लगाने' से बचें। उन्होंने रैली के दौरान ट्रंप की हत्या के प्रयास के बाद सुरक्षा उपायों की स्वतंत्र समीक्षा का आदेश भी दिया है।



बाइडन ने रविवार को राष्ट्र को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि जैसा कि मैंने कल रात कहा था, इस तरह की हिंसा या इस मामले में किसी भी हिंसा के लिए अमेरिका में कोई जगह नहीं है। एफबीआई जांच का नेतृत्व कर रही है जो अभी शुरूआती चरण में है। उन्होंने कहा कि हमें अभी तक हमलावर के मकसद के बारे में कोई जानकारी नहीं है। हम जानते हैं वह कौन है। मैं हर किसी से आग्रह करता हूं, कृपया, उसके उद्देश्यों या संबद्धताओं के बारे में धारणाएं न बनाएं। एफबीआई को अपना काम करने दीजिए और उनकी सहयोगी एजेंसियों को अपना काम करने दीजिए।

बाइडन ने कहा कि उन्होंने बटलर शहर में चुनावी रैली में राष्ट्रीय सुरक्षा की एक स्वतंत्र समीक्षा का निर्देश दिया, ताकि यह आकलन किया जा सके कि क्या हुआ। उन्होंने इस जांच को पूरी तरह से और तेजी से करने का निर्देश दिया है।

बाइडन ने कहा, पूर्व राष्ट्रपति और रिपब्लिकन पार्टी के उम्मीदवार के रूप में ट्रंप को पहले से ही उच्च स्तर की सुरक्षा प्राप्त है। मैं उनकी निरंतर सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक हर संसाधन, क्षमता और सुरक्षात्मक उपाय प्रदान करने के लिए सीक्रेट सर्विस की दिशा में लगातार काम कर रहा हूं। दूसरा, मैंने सीक्रेट सर्विस के प्रमुख को कल से शुरू होने वाले रिपब्लिकन नेशनल कन्वेंशन के लिए सभी सुरक्षा उपायों, सभी सुरक्षा उपायों की समीक्षा करने का निर्देश दिया है। तीसरा, मैंने कल की रैली में राष्ट्रीय सुरक्षा की एक स्वतंत्र समीक्षा का निर्देश दिया है, ताकि यह आकलन किया जा सके कि वास्तव में क्या हुआ था। हम उस स्वतंत्र समीक्षा के नतीजे अमेरिकी लोगों के साथ भी साझा करेंगे।

बाइडन ने कहा, मैंने पांच नवंबर के राष्ट्रपति चुनाव में अपने प्रतिद्वंदी ट्रंप से बात की है। मैं दिल से आभारी हूं कि वह अच्छा कर रहे हैं और ठीक हो रहे हैं। हमारी छोटी लेकिन अच्छी बातचीत हुई। जिल और मैं उन्हें और उनके परिवार को अपनी प्रार्थनाओं में शामिल कर रहे हैं।

# राष्ट्रपति बाइडन की दो टूक- चुनावी साल में हिंसा का खतरा, सावधानी जरूरी

**वाशिंगटन :** पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर हमले के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने प्राइम टाइम संबोधन में कहा कि 'यह समय शांत रहने का है। उन्होंने कहा कि सुरक्षा अधिकारियों ने चुनावी वर्ष में हिंसा के जोखिम की चेतावनी दी है। उन्होंने कहा कि रिपब्लिकन सम्मेलन कल से शुरू होगा। मुझे कोई संदेह नहीं है कि वे मेरे रिकॉर्ड की आलोचना करेंगे और इस देश के लिए अपना दृष्टिकोण पेश करेंगे।

उन्होंने कहा, लोकतांत्रिक व्यवस्था में शांतिपूर्ण ढंग से काम होना चाहिए। बकौल बाइडन, हम बहस करते हैं और असहमत होते हैं। हम उम्मीदवारों के चरित्र, रिकॉर्ड, मुद्दों, एजेंडे और विजन की तुलना भी करते हैं। हम मतदान का सहारा लेते हैं, गोलियों का नहीं। अमेरिका को बदलने की शक्ति हमेशा आम लोगों के हाथों में होनी चाहिए, न कि संभावित हत्यारों के हाथों में।

राष्ट्रपति बाइडन ने कहा, प्रतिस्पर्धा के बावजूद सभी जानते हैं कि आगे का रास्ता हमेशा शांतिपूर्ण तरीका ही है, न कि हिंसक कृत्यों के माध्यम से भय व्याप्त करना। उन्होंने अमेरिका को पृथ्वी का सबसे महान देश करार दिया और कहा कि उन्हें यहां रहने का मौका मिला, इस बात के लिए वे हमेशा कृतज्ञ रहेंगे।

### बाइडन अपने प्रचार को देंगे धार, रिपब्लिकन नेशनल कन्वेंशन के लिए मिल्वौकी पहुंचे ट्रंप



इसी बीच चुनावी गतिविधि से जुड़ी एपी की रिपोर्ट के अनुसार, ट्रंप गोली लगने के एक दिन बाद ही रिपब्लिकन नेशनल कन्वेंशन के लिए मिल्वौकी पहुंच चुके हैं। दूसरी तरफ बाइडन ने कहा कि वे भी इस सप्ताह फिर से चुनाव प्रचार में उतरेंगे। डेमोक्रेट्स ट्रंप की रैली पर हमले के बाद मंगलवार को फिर से चुनाव प्रचार शुरू करेंगे। बाइडन ने कहा कि वे डेमोक्रेट प्रत्याशी के रूप में अपने ट्रैक रिकॉर्ड और भावी नीतियों को लेकर जनता के बीच जाएंगे। उन्होंने साफ किया कि वे लोकतंत्र के लिए दृढ़ता से बोलना जारी रखेंगे। देश में संविधान और कानून के शासन के लिए खड़े होने की अपील करते हुए बाइडन ने मतदाताओं से कहा कि लोकतंत्र में गोली से नहीं वोट से बदलाव लाए जाते हैं। देश की सड़कों पर कोई हिंसा नहीं होनी चाहिए।

**पूर्व राष्ट्रपति पर हमला और एक अमेरिकी नागरिक की हत्या :** रिपब्लिकन खेमे के नेता और राजनीतिक प्रतिद्वंद्वी डोनाल्ड ट्रंप पर पेंसिलवेनिया में गोली चलाए जाने की घटना का जिक्र करते हुए बाइडन ने कहा, 'आज रात, मैं उस बारे में बात करना चाहता हूं। एक पूर्व राष्ट्रपति को गोली मारी गई, और एक अमेरिकी नागरिक की हत्या कर दी गई।

नागरिक अपनी पसंद के उम्मीदवार का समर्थन करने की अपनी स्वतंत्रता के तहत ट्रंप की रैली में था। प्रयोग कर रहा था। हम अमेरिका में इस रास्ते पर नहीं जा सकते।

हिंसा कभी किसी समस्या का जवाब नहीं। बात चाहे डेमोक्रेट या रिपब्लिकन खेमे के नेताओं को निशाना बनाकर गोली मारने की हो या 6 जनवरी को कैपिटोल पर भड़की हिंसा का। कुछ भी स्वीकार नहीं। बाइडन ने अमेरिकी संसद की पूर्व स्पीकर नैन्सी पेलोसी के पति पर हुए क्रूर हमले का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि चुनाव अधिकारियों को धमकी, मौजूदा गवर्नर के अपहरण की साजिश, और डोनाल्ड ट्रंप की हत्या के प्रयास जैसी घटनाओं की अमेरिका में कोई जगह नहीं है। इनमें कोई अपवाद नहीं हो सकते।

# ट्रंप की रैली में जान गंवाने वाला व्यक्ति था दमकलकर्मी

**वाशिंगटन।** अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर हुए हमले के दौरान हमलावर की गोली का शिकार हुए व्यक्ति की पहचान हो गई है। व्यक्ति का नाम कोरी कॉम्पेराटोर था और वह पेशे से एक फायर फाइटर था। पीड़ित के परिवार का कहना है कि उन्हें बचाने के चक्कर में कोरी को गोली लगी। पेन्सिल्वेनिया के गवर्नर ने कोरी को हीरो बताया है।



### पेन्सिल्वेनिया के गवर्नर ने कोरी को बताया हीरो

पेन्सिल्वेनिया के गवर्नर जोश शेपिरो ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि 'बीती रात कोरी कॉम्पेराटोर के रूप में हमने पेन्सिल्वेनिया के साथी को खो दिया है। मैंने अभी उनकी पत्नी और दो बेटियों से बात की है।' गवर्नर ने बताया कि 'कोरी नियमित रूप से चर्च जाता था और पूर्व राष्ट्रपति ट्रंप का बड़ा समर्थक था। वह अपने समुदाय और खासकर अपने परिवार से प्यार करता था।' गवर्नर ने कोरी को हीरो बताया।

रविवार को ट्रंप की रैली के दौरान हुई गोलीबारी में कोरी की मौत हो गई थी और दो अन्य लोग घायल हुए थे। घायलों की हालत गंभीर बनी हुई है। दोनों घायलों की पहचान अभी तक नहीं हुई है, लेकिन स्थानीय मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, दोनों स्थानीय लोग हैं।

वहीं हमलावर की पहचान 20 साल के थॉमस मैथ्यू क्रुक्स के रूप में हुई है, जिसे हमले के तुरंत बाद सीक्रेट सर्विस स्नाइपर्स ने ढेर कर दिया था। हमले में ट्रंप बाल-बाल बच गए थे और गोली उनके कान को छूकर निकल गई।


### परिवार को बचाने में गई जान

कोरी की बेटी एलिसन ने सोशल मीडिया पर साझा एक पोस्ट में बताया कि 'उसके पिता सबसे अच्छे थे और एक लड़की जैसा पिता चाहती है, वह वैसे ही थे। वह लोगों की मदद के लिए हमेशा तैयार रहते थे और बहुत जल्दी लोगों को दोस्त बना लेते थे।' एलिसन ने लिखा कि 'मीडिया आपको ये नहीं बताएगा कि वह एक सुपर हीरो की मौत मरे हैं। उन्होंने मुझे और मां को जमीन पर धक्का देकर गिरा दिया और खुद ढाल बनकर अपने सीने पर गोली खाई।'

# हमले के लिए रूस ने बाइडन सरकार को ठहराया जिम्मेदार

**मास्को।** ट्रंप पर हमले के कुछ घंटे बाद ही रूस ने इसके लिए बाइडन सरकार को जिम्मेदार ठहरा दिया। रूस का कहना है कि बाइडन सरकार ने ऐसा माहौल बना दिया है, जिसकी वजह से ट्रंप पर यह हमला हुआ। रूस के प्रवक्ता दिमित्री पेसकोव ने कहा कि यह बाहर बैठे सभी समीक्षक जानते थे कि ट्रंप की जान को खतरा है।

### कहा- हम जानते थे उनकी जान को खतरा है



बता दें कि रविवार को पेन्सिल्वेनिया में एक रैली के दौरान डोनाल्ड ट्रंप पर हमला हुआ। हालांकि इस हमले में ट्रंप की जान बाल-बाल बच गई और उन पर चलाई गई गोली कान छूकर निकल गई। इस हमले में रैली में मौजूद एक शख्स की मौत हो गई और दो अन्य लोग घायल हो गए। एफबीआई ने हमलावर की पहचान 20 साल के थॉमस मैथ्यू क्रुक्स के रूप में की है, जिसे मौके पर ही ढेर कर दिया गया। अभी तक हमले के पीछे की वजह का खुलासा नहीं हुआ है और इसकी जांच चल रही है।

रूसी प्रवक्ता ने ट्रंप पर हुए हमले को लेकर कहा कि 'हम ये नहीं मानते कि ट्रंप पर जो हमला हुआ, उसके पीछे अमेरिका की मौजूदा सरकार है, लेकिन ये जरूर है कि मौजूदा सरकार ने ऐसा माहौल बना दिया है, जिसके चलते ट्रंप पर हमला हुआ और जिससे आज अमेरिका जूझ रहा है।'

पेसकोव ने कहा, 'ट्रंप को राजनीति से दूर करने के कई प्रयास हुए। पहले कानूनी औजारों का इस्तेमाल किया गया, फिर अदालतों का। ये स्वभाविक था कि सभी बाहरी जानकार ऐसा मानते थे कि ट्रंप की जान को खतरा है।'



# पाक सरकार का पीटीआई पर प्रतिबंध लगाने का फैसला

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान की जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। यहां की सरकार ने जेल में बंद खान की पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पार्टी पर देश विरोधी गतिविधियों में कथित संलिप्तता के लिए प्रतिबंध लगाने का फैसला किया है। यह जानकारी सूचना मंत्री अताउल्लाह तरार ने दी।

द न्यूज इंटरनेशनल की रिपोर्ट के अनुसार, मंत्री अताउल्लाह तरार ने सोमवार को एलान किया कि संघीय सरकार ने पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पर प्रतिबंध लगाने का फैसला किया है। पूर्व सत्तारूढ़ पार्टी पर देश विरोधी गतिविधियों में शामिल होने का आरोप लगाया गया है। 71 वर्षीय खान फिलहाल रावलपिंडी की अदियाला जेल में बंद है। उनके खिलाफ कई मामले दर्ज हैं। मंत्री तरार ने कहा कि पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पर प्रतिबंध लगाने के लिए सबूत मौजूद हैं और सरकार पार्टी के खिलाफ कार्रवाई शुरू करेगी। बता दें, सरकार का यह फैसला ऐसे समय आया है, जब सुप्रीम कोर्ट ने आरक्षित सीटों के मामले में पीटीआई और अवैध विवाह मामले में खान को राहत दी है।

**इमरान पर देश विरोधी गतिविधियों में शामिल होने का आरोप**

### 12 मामलों में आरोपी हैं इमरान खान

लाहौर पुलिस की 13 सदस्यों वाली एक टीम नौ मई के दंगे के मामले की जांच कर रही है। लाहौर पुलिस की टीम इमरान खान से पूछताछ के लिए अडियाला जेल पहुंची थी, लेकिन इमरान खान ने पुलिस से मिलने से इनकार कर दिया। इमरान खान पर लोगों को हिंसा के लिए भड़काने के आरोप लगे हैं। पुलिस ने बताया कि इमरान खान दंगे से जुड़े 16 मामलों में से 12 में आरोपी हैं और इन्हीं 12 मामलों में उनकी गिरफ्तारी की गई है।

### नौ मई के दंगे मामले में इमरान गिरफ्तार

पाकिस्तान तहरीक ए इंसाफ पार्टी के संस्थापक और पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को नौ मई के दंगे के मामले में लाहौर पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। हालांकि सुरक्षा कारणों से इमरान खान अभी अडियाला जेल में ही बंद रहेंगे और उन्हें लाहौर जेल स्थानांतरित नहीं किया जाएगा। इमरान खान को सोमवार को आतंकवाद रोधी कोर्ट में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए पेश किया जाएगा।

**इमरान की गिरफ्तारी के बाद भड़की थी हिंसा :** एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि सेना के कॉर्प्स कमांडर के घर पर हमले के मामले की जांच डीआईजी जीशान असगर कर रहे हैं। वहीं असकरी टावर पर हमले की जांच एसएसपी डॉ. अनूश मसूद चौधरी और शादमान पुलिस स्टेशन पर हमले समेत अन्य मामलों की जांच डिविजनल एसपी द्वारा की जा रही है।

# ओली ने चौथी बार ली प्रधानमंत्री पद की शपथ

**काठमांडू।** नेपाल की कम्युनिस्ट पार्टी के नेता केपी शर्मा ओली ने सोमवार को चौथी बार नेपाल के प्रधानमंत्री पद की शपथ ले ली। राष्ट्रपति राम चंद्र पौडेल उन्हें पद की गोपनीयता की शपथ दिलाई। ओली ने इसके ठीक बाद अपने मंत्रिमंडल में 22 मंत्रियों को जगह देने का एलान किया। इनमें ओली का समर्थन करने वाले चार दलों के नेताओं को जगह दी गई है।

इस मौके पर पीएम नरेंद्र मोदी ने एक्स पर पोस्ट कर ओली को बधाई दी। प्रधानमंत्री ने लिखा- दोनों देशों के बीच दोस्ती के गहरे बंधन को और मजबूत करने के लिए साथ में काम करने के लिए उत्सुक, जिससे दोनों देशों का परस्पर सहयोग और अपने लोगों की प्रगति और समृद्धि को आगे बढ़ाया जा सके।

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने भी एक्स पर पोस्ट कर ओली को बधाई दी। उन्होंने कहा, ह्यह्यकांग्रेस की तरफ से हम नेपाल के प्रधानमंत्री के रूप में उनकी नियुक्ति पर केपी शर्मा ओली को शुभकामनाएं देते हैं। करीबी पड़ोसियों के रूप में भारत और नेपाल मित्रता तथा साझेदारी के अनूठे संबंध साझा करते हैं। प्रत्येक भारतीय उज्ज्वल भविष्य के लिए आपसी सहयोग के बंधन को और मजबूत करने के लिए तत्पर है।

### पीएम मोदी-कांग्रेस ने दी बधाई




गौरतलब है कि नेपाल को बीते कुछ वर्षों में लगातार राजनीतिक उथल-पुथल का सामना करना पड़ा है। दरअसल, रिपब्लिकन प्रणाली लागू होने के बाद पिछले 16 वर्षों में देश में 14 सरकारें आई हैं। अब नेपाल की सबसे बड़ी कम्युनिस्ट पार्टी के नेता के पी शर्मा ओली को रविवार को चौथी बार नेपाल का प्रधानमंत्री नियुक्त किया गया। वह एक नई गठबंधन सरकार का नेतृत्व करने वाले हैं, जिसके सामने इस हिमालयी राष्ट्र में राजनीतिक स्थिरता प्रदान करने की कठिन चुनौती है।

### ओली को हासिल करना होगा विश्वास मत

संवैधानिक जनादेश के अनुसार ओली को अब नियुक्ति के 30 दिनों के भीतर संसद से विश्वास मत हासिल करना होगा। दरअसल, केपी शर्मा ओली को 275 सीटों वाली प्रतिनिधि सभा में कम से कम 138 वोटों की आवश्यकता होगी।

शुक्रवार की रात में केपी शर्मा ओली ने नेपाली कांग्रेस के अध्यक्ष शेर बहादुर देउबा के समर्थन से अगला प्रधानमंत्री बनने का दावा पेश किया था। साथ ही प्रतिनिधि सभा के 165 सदस्यों के हस्ताक्षर प्रस्तुत किए। इसमें जिनमें उनकी कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ नेपाल-एकीकृत मार्क्सवादी लेनिनवादी ( सीपीएन यूएमएल) पार्टी के 77 और नेपाली कांग्रेस (एनसी) के 88 सदस्य शामिल हैं।

# मालदीव के राष्ट्रपति मुइज्जू से मिले भारतीय उच्चायुक्त मुनु महावर

## कहा- द्विपक्षीय संबंधों की मजबूती के लिए प्रतिबद्ध

**माले।** भारत और मालदीव हिंद महासागर में शांति और स्थिरता बनाए रखने की दिशा में मिलकर काम करने पर सहमत हुए हैं। दोनों देशों ने द्विपक्षीय सहयोग को बढ़ाने के लिए अटूट प्रतिबद्धता दोहराई। भारत के उच्चायुक्त मुनु महावर और मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू ने दोनों देशों के बीच संबंधों को और मजबूत करने के तरीकों पर चर्चा की। साथ ही मालदीव में भारत द्वारा शुरू की गई विभिन्न परियोजनाओं पर बात की।

भारत के उच्चायुक्त महावर ने रविवार को मालदीव में राष्ट्रपति कार्यालय में राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू से मुलाकात की। इस दौरान महावर ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के शपथ ग्रहण समारोह में सामिल होने के लिए मुइज्जू का आभार व्यक्त किया। बाद में महावर ने दोनों देशों के बीच चल रहे सहयोग पर प्रकाश डाला। साथ ही मालदीव के लोगों की प्रगति और विकास में सहायता के लिए भारत की प्रतिबद्धता दोहराई।

राष्ट्रपति कार्यालय से जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, राष्ट्रपति मुइज्जू ने पीएम मोदी के शपथ ग्रहण समारोह में भारत सरकार द्वारा किए गए गर्मजोशी से स्वागत और उदार आतिथ्य की सराहना की। उन्होंने मालदीव के विकास में सहायता करने और मालदीववासियों की जरूरतों को पूरा करने की भारत की प्रतिबद्धता के लिए भी आभार व्यक्त किया।

दोनों की मुलाकात के बाद भारतीय उच्चायोग ने राष्ट्रपति कार्यालय की प्रेस विज्ञप्ति पर प्रतिक्रिया दी।

# इजरायली हमले में 12 फिलिस्तीनियों की मौत

**गाजा।** सेंट्रल गाजा में एक स्कूल पर इजरायली हवाई हमले में कम से कम 12 फिलिस्तीनी मारे गए और दर्जनों अन्य घायल हो गए। इस स्कूल में विस्थापित लोग रह रहे थे। रविवार को सुरक्षा सूत्रों ने सिन्हुआ समाचार एजेंसी को बताया कि इजरायली विमानों ने नुसेरात शरणार्थी शिविर में मिसाइल से बमबारी की, जिसे संयुक्त राष्ट्र राहत और कार्य एजेंसी फॉर फिलिस्तीन रिफ्यूजीज इन द नियर ईस्ट (यूएनआरडब्ल्यूए) द्वारा संचालित किया जाता है।

सिन्हुआ समाचार एजेंसी ने बताया कि सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर प्रसारित कुछ वीडियो फुटेज में स्कूल पर बमबारी दिखाई गई है, इसमें स्कूल के कुछ हिस्से नष्ट हो गए। इस हमले पर इजरायली सेना की ओर से तत्काल कोई टिप्पणी नहीं की गई।

यूएनआरडब्ल्यूए ने इजरायली हमले की निंदा की और जोर देकर कहा कि गाजा में कोई सुरक्षित जगह नहीं है। संयुक्त राष्ट्र एजेंसी के सलाहकार अदनान अबू हस्ना ने सिन्हुआ को बताया, संयुक्त राष्ट्र एजेंसी अपने काम की जगह के बारे में जानकारी रोजाना इजरायली सेना को भेजती है, फिर भी सेना इसे और संयुक्त राष्ट्र दफ्तर को निशाना बनाती है।

इससे एक दिन पहले खान यूनिस के मावासी क्षेत्र में विस्थापित लोगों के तंबुओं पर बमबारी में कम से कम 90 फिलिस्तीनी मारे गए और 300 अन्य घायल हो गए थे, जिनमें से अधिकांश महिलाएं और बच्चे थे।

इधर, इजराइली सुरक्षा बलों ने पुष्टि की है कि उसने गाजा पट्टी में हवाई हमलों में हमास के खान यूनिस ब्रिगेड के कमांडर राफा सलामेह को मार गिराया।

एक बयान में, इजराइली सेना और शिन बेट आंतरिक सुरक्षा एजेंसी ने रविवार को कहा कि सलामेह खान यूनिस के क्षेत्र में मारा गया।

## पाकिस्तानी प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ का बड़ा बयान

# 'पाकिस्तान को अस्थिर करने वाली ताकतों को बेनकाब करने की सख्त जरूरत'

**इस्लामाबाद।** नकदी संकट से जूझ रहे पाकिस्तान की स्थिति को बेहतर बनाने के लिए प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने बड़ा बयान दिया है। जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी के आरोपों के जवाब में पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने कहा कि देश में अनिश्चितता और अस्थिरता फैलाने वाले तत्वों को बेनकाब करने की जरूरत है। ऐसे लोग देश को नुकसान पहुंचा रहे हैं। शनिवार को सीनेट में पाकिस्तान मुस्लिम लीग एन के संसदीय नेता और विदेश मामलों की स्थायी समिति के अध्यक्ष सीनेटर इरफान सिद्दीकी के साथ बैठक के दौरान उन्होंने ये बयान दिया।

**किसी भी दल का नाम लिए बिना प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने विरोधियों को आड़े हाथों लिया**



किसी भी दल का नाम लिए बिना प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ बोले कि सरकार के साथ ही पाकिस्तान मुस्लिम लीग नवाज, राज्य और राष्ट्रीय संस्थानों के खिलाफ चल रहे संगठित अभियान को विफल करने के लिए प्रभावी रणनीति बनानी होगी। बैठक के दौरान प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने विदेश मामलों पर सीनेट की स्थायी समिति के अध्यक्ष चुने जाने पर सीनेटर इरफान सिद्दीकी को बधाई दी। उन्होंने कहा कि इरफान के नेतृत्व में विदेश मामलों की समिति दुनिया में पाकिस्तान की सकारात्मक, शांतिपूर्ण और रचनात्मक छवि को बढ़ावा देने पर ध्यान देगी। बता दें कि इन दिनों पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ सभी मोर्चों पर सरकार का विरोध कर रही है और आरोप लगा रही है कि पीएमएल-एन ने 8 फरवरी को आम चुनाव में लोगों का जनादेश चोरी किया है।

**आईएमएफ करेगा पाकिस्तान की मदद :** आर्थिक संकट से जूझ रहे पाकिस्तान की मदद अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) करेगा। हाल ही में आईएमएफ ने कर संग्रह बढ़ाने की शर्त के साथ पाकिस्तान को तीन साल के लिए सात अरब डॉलर का ऋण देने को मंजूरी दी है। अधिकारियों ने बताया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य व्यापक आर्थिक स्थिरता को मजबूत करने और नकदी संकट से जूझ रहे देश का समावेशी और लचीला विकास करना है। इसमें देश की राजकोषीय और मौद्रिक नीति में सुधार, कर प्रक्रिया को मजबूत करने, देश के उद्यमों के प्रबंधन में सुधार, प्रतिस्पर्धा, निवेश प्रोत्साहन और पूंजीगत वृद्धि के साथ सामाजिक सुरक्षा समेत बेनजीर आय सहायता कार्यक्रम को बढ़ावा देना शामिल है।

# पूर्व विधायक सुदेश शर्मा के पिता स्व० सोमपाल शर्मा को दी गई श्रृद्धांजलि



गाजियाबाद, करंट क्राइम। पूर्व विधायक सुदेश शर्मा के पिता स्व० सोमपाल शर्मा को श्रृद्धांजलि अर्पित की गई। मोदीनगर के श्रीलक्ष्मी नारायण मोदी मंदिर में शोक सभा आयोजित की गई। गौरतलब है कि पूर्व विधायक सुदेश शर्मा के पिता सोमपाल शर्मा का 6 जुलाई को निधन हो गया था। सोमवार को उनकी शोकसभा आयोजित की गई। जिसमें राजनीति समाज सेवा और सभी वर्गों के लोगों ने पहुंचकर स्व० सोमपाल शर्मा को श्रृद्धासुमन अर्पित किये।

# उत्तर प्रदेश महापौर परिषद की बैठक लखनऊ में आयोजित



करंट क्राइम। 14 जुलाई को लखनऊ में पार्टी की प्रदेश कार्यकारिणी समिति की बैठक हुई है जिससे उत्तर प्रदेश के सभी महापौरों ने भी भाग लिया। बैठक के बाद सभी महापौर ने नगर विकास मंत्री ए०के० शर्मा, प्रमुख सचिव अमृत अभिजात एवं विभागों के अन्य सचिवो के साथ बैठक की जिसमे नगर विकास मंत्री द्वारा सभी शहरों का हाल जाना और किस प्रकार सभी नगर निगमो में कार्य किया जा रहा है उस पर भी बात की।

बैठक में सभी के प्रमुख बिंदुओं को लिखकर उनपर अमल किया जाने को लेकर आश्वस्त किया गया। महापौर सुनीता दयाल ने भी बैठक में हिस्सा लिया और गाजियाबाद नगर निगम की कार्यशैली से सभी को अवगत कराया।

गाजियाबाद नगर निगम किस प्रकार विकास की ओर जा रहा है। शहर हित किये जा रहे बेहरत प्रयासों से अवगत कराया। नगर विकास मंत्रीने प्रमुख सचिव सहित सभी को निर्देशित किया कि सभी समस्त महापौर के संपर्क में रहे और किसी प्रकार की नीति के लिए महापौरो से संपर्क करके ही निर्णय लिया जाए।

# मृतक छात्रा का मोबाइल भेजा जाएगा फोरेंसिक जांच के लिए

**गौर होम्स सुसाइड केस**



**गाजियाबाद , करंट क्राइम।** कवि नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत गौर होम्स सोसाइटी में सातवी मंजिल से कूद कर आत्महत्या करने वाली छात्रा अंशिका का पुलिस मोबाइल फोन जब्त कर चुकी है। पुलिस इस फोन को जांच के लिए फोरेंसिक लैब भेजेगी। वहीं पुलिस ने आत्महत्या के मामले में छात्रा की और नानी के बयान दर्ज किए हैं। वहीं पुलिस ने उसे परिवार से भी बातचीत की है, जिसके यहां शाम के वक्त अंशिका अपनी दोस्त से मिलने गई थी।फिलहाल पुलिस की अब तक की जांच बता रही है कि परिवार वालों की डांट से नाराज होकर अंशिका ने आत्महत्या का कदम उठाया था।

उधर अंशिका की मौत की सूचना जब सोमवार को स्कूल खुलने पर उत्तम स्कूल फॉर गर्ल्स में हुई, तो कई परिजन और छात्र परेशान थे। वहीं स्कूल में भी छात्रा द्वारा आत्महत्या किए जाने के मामले की चर्चा रही। बता दें कि रविवार की देर शाम गोविंदपुरम के स्वर्ण जयंतीपुरम में रहने वाली दसवीं कक्षा की छात्रा अंशिका ने गोविंदपुरम की गौर होम्स सोसाइटी में 7वीं मंजिल से कूद कर आत्महत्या कर ली थी। बताया जा रहा है कि उसके माता-पिता का साल 2009 से विवाद चल रहा था। बाद में दोनों के बीच तलाक हो गया था और अंशिका अपनी मम्मी, नाना व नानी के साथ स्वर्ण जयंतीपुरम में रहा करती थी।

# सुरक्षित व भवमुक्त परिवहन ही अधिनियम का एक मात्र लक्ष्य है: जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह



● लिफ्ट और एस्केलेटर का उपयोग करते समय बहुधा वृद्ध व्यक्तियों, बच्चों और दिव्यांग व्यक्तियों की सुरक्षा अत्यंत महत्वपूर्ण है।

**लिफ्ट, एस्केलेटर में सुरक्षा युक्तियों का प्रयोग किया जाये : डीएम**

करंट क्राइम। जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह ने कहा कि लिफ्ट और एस्केलेटर में भय व प्राणों का संकट ना हो इसके लिए उत्तर प्रदेश राज्य द्वारा लिफ्ट और एस्केलेटर अधिनियम-2024 बनाया गया है। इस अधिनियिम का सुरक्षित व भयमुक्त परिवहन ही एक मात्र लक्ष्य है। अत: सभी जनपदवासी चाहे वह प्राइवेट या सार्वजनिक लिफ्ट या एस्केलेटर लगा रहे हो, लिफ्ट और एस्केलेटर अधिनियम-2024 के अनुसार ही लगाएं। हर प्राणी को भयमुक्त व सुरक्षित जीवन जीने का अधिकार है और उनके अधिकारों की रक्षा करना हमारी जिम्मेदारी है।

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** जिला मुख्यालय के महात्मा गांधी सभागार में जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह की अध्यक्षता में उत्तर प्रदेश राज्य द्वारा लिफ्ट और एस्केलेटर अधिनियम-2024 व अन्य समस्याओं के निराकरण एवं उसके समाधान के लिए जनपद की हाईराइस सोसायटी के बिल्डर, निर्माणकर्ता, मॉल, सिनेमाहॉल के प्रतिनिधियों एवं सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक की गई।

बैठक में जीडीए सचिव राजेश सिंह और एडीएम सिटी गम्भीर सिंह ने कहा कि जनपद के नगरीकरण में तीव्र वृद्धि से औद्योगिक विकास और बहुमंजिला भवनों के प्रसार के कारण परिसरो में लिफ्ट और एस्केलेटर के उपयोग में बढ़ोतरी हुई जिसके साथ ही उनसे सम्बन्धित दुर्घटनाओं में भी बढ़ोतरी हो रही है। उन्होंने कहा कि हाईराइस सोसायटी सहित अन्य कई बड़ी इमारतों में किसी भी तरह के सुरक्षा नियमों का पालन किये बिना मनमाने ढंग से लिफ्ट और एस्केलेटर संचालित किये जा रहे हैं।

साथ ही सुरक्षा युक्तियों का प्रयोग न किए जाने की शिकायतें मिल रही हैं बैठक में अधिकारियों ने कहा कि लिफ्ट और एस्केलेटर का उपयोग बहुधा वृद्ध व्यक्तियों, बच्चों और दिव्यांग व्यक्तियों सहित जनसाधारण द्वारा किया जाता है। लिफ्ट और एस्केलेटर का उपयोग करते समय उनकी सुरक्षा अत्यंत महत्वपूर्ण है।

इस उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए, यह सख्ती से सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि लिफ्ट और एस्केलेटर का विनिर्माण, निर्माण, गुणवत्ता, अंतर्निहित सुरक्षा सुविधाएं, संस्थापना, संचालन और अनुरक्षण सुसंगत संहिताओं और प्रक्रियाओं के अनुरूप हो। बैठक में एसडीएम सदर अरूण दीक्षित, कर्नल टीपीएस त्यागी अध्यक्ष आरडब्लूए, जिला सूचना अधिकारी योगेन्द्र प्रताप सिंह सहित डेवलपर्स, ऑनर एसोसिएशन के प्रतिनिधियों सहित सम्बधित अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक के अंत में सभी को लिफ्ट और एस्केलेटर अधिनियम-2024 उपलब्ध करवा दिया गया।

# चुनाव नजदीक आते ही भवन कर का मुद्दा उठा देता है निगम : हिमांशु लव



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व पार्षद हिमांशु लव ने कहा है कि गाजियाबाद में जब भी कोई चुनाव नजदीक आता है तभी नगर निगम द्वारा जिलाधिकारी के सेक्टर रेट पर भवन कर निर्धारित करने का मुद्दा उठा देते हैं। हिमांशु लव का कहना है कि पिछले दो तीन महीनों से भवन कर का निर्धारण, जिलाधिकारी द्वारा निर्धारित सेक्टर रेट के अनुसार बढ़ाया जाना विशेष चचाओं में है। इस विषय परबात करने पर नगर आयुक्त शासनादेश का हवाला देकर अपना पल्ला झाड लेते हैं परन्तु महापौर तो गाजियाबाद की जनप्रतिनिधि हैं उन्हें जनता का पक्ष लेना चाहिए, जनता पर भवन कर का बोझ बढ़ने से रोकना चाहिए। पूर्व पार्षद हिमांशु लव का कहना है कि ऐसा प्रतीत होता है कि स्थानीय प्रशासन जैसे भारतीय जनता पार्टी के खिलाफ कार्य कर रहा हो। स्थानीय प्रशासन नहीं चाहता कि प्रदेश में अथवा स्थानीय स्तर से भाजपा का कोई प्रत्याशी विजयी हो। पिछले दिनों भाजपा के दो वरिष्ठ पूर्व निगम पार्षदों द्वारा प्रेसवार्ता कर इस विषय को उठाया था और हाईकोर्ट जाने का निर्णय भी लिया था। उनका कहना है कि वर्तमान में गाजियाबाद सदर विधानसभा का चुनाव नजदीक है तो जिलाधिकारी द्वारा निर्धारित सेक्टर रेट के अनुसार भवन कर का निर्धारण करने का जिन्न बोतल से फिर बाहर निकलकर आ गया है जो कि जनता के साथ न्याय संगत नहीं हैं। अभी कुछ दिन पहले ही भवन कर 10 प्रतिशत बढ़ाया गया था और अब दोबारा पुनः भवन कर बढ़ाया जाना उचित प्रतीत नहीं होता, महापौर को उचित निर्णय लेकर जनता पर पड़ने वाले इस अनर्गल बोझ से बचाना चाहिए।

# पार्षद राहुल शर्मा ने पार्क में किया पौधरोपण



**साहिबाबाद, करंट क्राइम।** रविवार को पार्षद राहुल शर्मा ने राजेंद्र नगर वार्ड 80 के सेक्टर 2 ब्लॉक, महिला जागृति पार्क, शांति पार्क व ब्लॉक 5 के अटल पार्क में आरडब्ल्यूए के साथ पौधरोपण किया। इस बीच स्थानीय आरडब्ल्यूए और समाजसेवियों ने लोगों को हरियाली बढ़ाने के लिए प्रेरित किया। पार्षद राहुल शर्मा ने नगर निगम की तरफ से भी पौधरोपण के लिए मदद दिलाने का भरोसा दिया। पार्षद शर्मा ने बताया कि क्षेत्र के पार्क में लगभग 300 पौधे लगाकर वहां हरियाली बढ़ाने का संकल्प लिया गया। इसमें स्थानीय लोगों का भी सहयोग मिला। इससे पहले बच्चों ने पर्यावरण को स्वच्छ रखने के लिए पौधे लगाने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर रामपाल कसाना, सतीश चौधरी, विजय राठी, एमपी त्यागी, सत्येंद्र राठी, राजेंद्र धाम, मीर शर्मा, राकेश राणा, आरके सिंह, सरबजन सिंह, अजय त्यागी, राज सिंह रावल, रामपाल सिंह चौहान, मनोज गुप्ता, प्रवीन, सुरेंद्र शर्मा, ओपी तोमर, मनीष गुप्ता, विनीत बजाज, विनय त्यागी व श्याम शर्मा मौजूद रहे।

# पार्षद व वार्डवासियों ने ग्रीन बेल्ट पर 100 से अधिक पौधे रोपे



● सभी ने आगामी वर्ष तक इन पौधों की सुरक्षा करने का फैसला लिया।

**साहिबाबाद,करंट क्राइम।** इंदिरापुरम में हैबिटेट सेंटर और शिप्रा सृष्टि एओए द्वारा संयुक्त रूप से पौधरोपण कार्यक्रम में आसपास की सोसाइटी के निवासियों ने उत्साह से भाग लिया। इस मौके पर पार्षद डॉक्टर अनिल तोमर, विस्टा बोर्ड की वाइस प्रेसिडेंट निवेदिता तिवारी ,ज्वाइंट सचिव पूर्वी सिन्हा, हैविटेट सेंटर के वाइस प्रेसिडेंट सुमित शर्मा और सृष्टि बोर्ड के अध्यक्ष कर्नल राकेश रघुवंशी ने संयुक्त रूप से पौध लगाकर वृहद पौधरोपण कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

अंजू सिन्हा ने सभी का धन्यवाद करते हुए हैबिटेट सेंटर द्वारा इस सेंटर बर्ज को एडॉप्ट करने के अनुरोध को स्वीकार करते हुए बताया कि कुछ माह में इसको नए रूप में विकसित किया जाएगा। विस्टा, सन सिटी, नीओ और आदित्या मेगा सिटी के निवासियों ने 100 से अधिक पौधे सेंटर बर्ज और मार्ग पर लगाकर अगले साल तक इन पौधों की सुरक्षा करने का फैसला लिया। इस अवसर पर सुषमा गंगवार, पूजा तिवारी, डॉक्टर कुसुम कंडवाल भट्ट, प्रियंका राणा,श्वेता कंचन आदि उपस्थित रहे।

# नए कानून से महिलाओं को किया जागरूक



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** जन मानव उत्थान समिति ने महिलाओं को सरकार द्वारा बनाए गए नए कानूनों के बारे में व आत्मरक्षा के बारे में संस्था के कार्यालय पर विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर दूधेश्वर नाथ पिंक बूथ की चौकी इंचार्ज रूबी उपाध्याय ने नए कानून के बारे में बताया व महिलाओं को आत्मरक्षा के गुण सिखाये। इसके साथ ही महिलाओं के लिए गाजियाबाद जिले में 20 पिंक बूथ बनाए जाने के बारे में बताया। महिलाओं को उनके अधिकारों के बारे में विस्तार पूर्वक बताया गया कि किस तरह वक्त पढ़ने पर महिला पुलिस का सहयोग लिया जा सकता है । जन मानव उत्थान समिति की राष्ट्रीय अध्यक्ष हिमांशी शर्मा ने सभी का स्वागत किया। साधना सिंह इस अवसर पर साधना सिंह, राविया, अनु पवार, प्रियंका, सुमन, शालिनी, रेनू, शोभा व गौरी समेत सैकड़ों महिलाएं मौजूद रहीं।

# गाजियाबाद के 2 सिपाही नोएडा में गिरफ्तार

## गार्डन गैलेरिया मॉल के बार में शराब पीकर सरकारी रिवॉल्वर से की फायरिंग



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** नोएडा में शनिवार रात दो पुलिसकर्मियों ने सरकारी रिवॉल्वर से फायरिंग कर दी। थाना इंदिरापुरम में तैनात दो पुलिसकर्मी इस मामले में गिरफ्तार हुए हैं। उनके खिलाफ सेक्टर-39 थाने में मुकदमा दर्ज किया गया है।

नोएडा के सेक्टर-38ए में गार्डन गैलेरिया मॉल है। यहां कई सारे शराब बार हैं। एक बार में रविवार रात को पार्टी चल रही थी। इस पार्टी में गाजियाबाद से दो पुलिसकर्मी मुकुल और धीरज पहुंचे। दोनों सिपाही इस वक्त थाना इंदिरापुरम में तैनात हैं। बताया जा रहा है कि पार्टी में शराब पीने के बाद सिपाही मुकुल ने सरकारी रिवॉल्वर से वहां फायरिंग कर दी। हालांकि कोई हताहत नहीं हुआ। गोली की आवाज से वहां अफरा-तफरी जरूर मच गई। फायरिंग की सूचना पर नोएडा पुलिस जांच करने पहुंची। सीसीटीवी कैमरे से दो चेहरे स्पष्ट हुए, जिनकी पहचान कॉन्स्टेबल मुकुल और धीरज के रूप में हुई। दोनों के खिलाफ थाना सेक्टर-39 में मुकदमा दर्ज करते हुए उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि दोनों पुलिसकर्मियों को थाने से जमानत दे दी गई है।

# दैनिक करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे



Sanwariya Anil Agarwal is with Anuj Mittal and 18 others.

8 h

हमारे प्रिय भाई आशु गुप्ता जी "बिंदल" एवं श्वेता भाभी जी को शादी की सिल्वर जुबली की बहुत बहुत बधाइयां और प्यारी प्यारी अनलिमिटेड शुभकामनाएँ 🌹❤️🌹❤️ आपका दोनों का प्यार सोने चाँदी की तरह चमकता रहे, 🍁🌹🪷💐🌼 गुलाब ,बेला रात की रानी के पुष्पों की भांति महकता रहे 😀🌹🎂 बीते हुए आपके मधुर दिन उनकी मधुर यादें , यादगार पलों और अविस्मरणीय रोमांच से भरे रहें। आपकी शादी की 25वीं वर्षगांठ उसी प्यार, हंसी और खुशी से भरी हो । हमारी शुभकामनाएं हैं कि आपके आने वाले दिन और भी खुशहाल और मस्ती भरे हों 😃💓😃

बहुत बहुत बधाई भाई आशु बिंदल जी व श्वेता भाभी जी

🌹🎂🌹🎂💓🎂💓

अनिल अग्रवाल सांवरिया

विनीता अग्रवाल



गाजियाबाद करंट क्राइम। अपनो को पूरे अपनेपन के साथ मैरिज एनिवर्सरी की सिल्वर जुबली की बधाई शुभकामनाएं अनिल अग्रवाल सावरिया ने दी। आशु गुप्ता बिंदल और श्वेता गुप्ता ने अपने सफल सुखद खुशहाल वैवाहिक जीवन यात्रा के 25वे सोपान को पार किया। गुप्ता दंपती की सिल्वर जुबली की इस खुशी को अनिल अग्रवाल ने अपनी पत्नी विनीता अग्रवाल के साथ साझा किया। खुशियों से भरी यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।